RNI No. CHHHIN/2009/35020



पेज -3 पर

थाना जगरगुण्डा क्षेत्र में सक्रिय जनमिलिशिया सदस्य ने ....

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 208 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, मंगलवार 7 जून 2022

संस्कार स्कूल परिवार ने की जलसेवा, शहर के हर कोने पर लगाया ....

पेज -4 पर





JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

बिलासपुर के संदीप श्रीवास्तव को IIFA अवार्ड

### फिल्म शेरशाह के लिए मिला बेस्ट स्क्रीन प्ले सम्मान



**रायपुर/बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर के रहने वाले संदीप श्रीवास्तव को IIFA अवॉर्ड्स में सम्मानित किया गया है। संदीप ने फिल्म शेरशाह के लिए स्क्रीनप्ले लिखा था। बेस्ट स्क्रीनप्ले कैटेगरी में संदीप को यह अवार्ड मिला है। आइफा अवार्ड में छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया साबित होने के बाद संदीप को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी बधाई भेजी है। उन्होंने ट्वीट करते हुए संदीप श्रीवास्तव के लिए लिखा कि मैं उन्हें बहुत सारी बधाईयां देता हूं छत्तीसगढ़ को उन पर गर्व है।

#### कौन है संदीप श्रीवास्तव

बिलासपुर के रहने वाले सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सुधीर श्रीवास्तव के बड़े भाई संदीप लंबे समय से मुंबई में रहकर फिल्मों में स्क्रीनप्ले पर काम कर रहे हैं। शुरुआत में उन्होंने कुछ टीवी सीरियल में एक्टिंग भी की । इसके बाद उन्होंने बहुत से नाटकों सीरियल और फिल्मों में डायलॉग और गीत लिखे। ल्म काबुल एक्सप्रेस में उन्हें सबसे ज्यादा पहचान मिली। इसके बाद निर्देशक के तौर पर न्यूयार्क में वी शांताराम अवार्ड से भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है ।

## हरियाणा के विधायकों ने क्रास वोटिंग का मन बना लिया है तो होगा ही- धरमलाल

*रायपुर। हरियाणा के कांग्रेसी विधायकों को छत्तीसगढ़ लाए जाने पर नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को अपने विधायकों पर भरोसा नहीं है।*

कांग्रेस पार्टी विश्वास खो चुकी हैं, इसलिए उनको जनप्रतिनिधियों के ऊपर भरोसा नहीं है और जनप्रतिनिधियों को अपनी पार्टी पर भरोसा नहीं है। कांग्रेस के लोग भयभीत हैं, जिसके कारण विधायकों को छत्तीसगढ़ पर्यटन कराने के लिए लाना पड़ा है। कांग्रेस द्वारा भाजपा विधायकों के खरीद-फरोख्त का आरोप लगाने पर कौशिक ने कहा कि भाजपा को इससे कोई लेना-देना नहीं हैं।

धरमलाल कौशिक ने कहा कि राज्य सरकार एक तरफ विकास कार्यों के लिए मेचिंग ग्रांड के लिए राशि नहीं दे पाती, लेकिन फिजूलखर्ची के लिए भूपेश सरकार के पास काफी पैसा है। मुझे लगता है कि विधायकों को यहां लाने से कोई फायदा नहीं होने वाला है। विधायकों ने अगर क्रास वोटिंग करने का मन बना लिया है तो क्रास वोटिंग होगा ही। उन्हें रायपुर ले आना और पर्यवेक्षक



नियुक्त किया जाना। एक तरह से कांग्रेस पूरे देश में अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है। इस प्रकार से फिजूलखर्ची और बाकी प्रयासों से कोई लाभ होने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि क्रास वोटिंग की संभावना नहीं होती तो विधायकों को यहां लाना ही नहीं पड़ता। यह क्रास वोटिंग की बात नहीं बल्कि विश्वास की बात है। कांग्रेस में विश्वास की कमी है।

### रायपुर भेजे गए हैं हरियाणा के कांग्रेस विधायक

बता दें कि 90 सदस्य संख्या वाली हरियाणा विधानसभा में राज्य सभा की 2 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं। कांग्रेस ने यहां से अजय माकन को टिकट दिया है। वहीं भाजपा ने कृष्णलाल पंवार को प्रत्याशी बनाया है। पूर्व मंत्री विनोद शर्मा के बेटे कार्तिकेय शर्मा ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल कर दिया है। हरियाणा में राज्यसभा सीट जीतने कांग्रेस के पास 31 विधायक हैं, लेकिन कार्तिकेय शर्मा की एंट्री ने पेंच फंसा दिया है। 2 जून को कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने सभी विधायकों को दिल्ली बुलाया था। उसके बाद 28 विधायकों को रायपुर भेज दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग के गोदाम में लगी आग

## 10 लाख से ज्यादा का मेडिकल सामान जलकर राख

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में स्वास्थ्य विभाग के गोदाम में आग लग गई। आग लगने की वजह से अंदर रखा 10 लाख रुपए से ज्यादा का मेडिकल सामान जलकर राख हो गया है।



बताया जा रहा है कि जब गोदाम की तरफ से सुबह तेज धुआं उठने लगा था, तब लोगों की नजर पड़ी। जिसके बाद पूरे मामले का पता चल सका है।

जिले के CMHO ऑफिस के पास ही मेडिकल डिपार्टमेंट का गोदाम है। यहां दवाईयां, वेटिंलेटर, मेडिकल इक्विपमेंट समेत अन्य सामान रखे जाते हैं। इस बीच रविवार-सोमवार की दरमियानी रात को यहां हादसा हो गया। कहा जा रहा है कि देर रात ही गोदाम के अंदर आग लग गई थी। क्योंकि कमरे के अंदर आग की काफी तेज लपटें थीं। घटना के बारे में पता तब चल पाया। जब सुबह के वक्त लोग मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। जिसके बाद पुलिस और दमकल की गाड़ी को मौके पर बुलाया गया। सूचना मिलने के बाद करीब सुबह 6 बजे ही टीम मौके पर पहुंच गई थी। जिसके बाद करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।

### शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

**इस मामले को लेकर सीएमएचओ डॉ. एन आर नवरत्न ने बताया कि अंदर मेडिकल से संबंधित सामान रखा था। उन्होंने अनुमान जताया कि करीब 10 लाख से ज्यादा का माल था। फिलहाल ये पता नहीं चल सका है कि अंदर आग कैसे लगी। मगर आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से अंदर आग लगी होगी। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है।**



## भूपेश बघेल अपना पद बचाने शीर्ष नेतृत्व को खुश करने में लगे हैं- बृजमोहन

रायपुर। पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने भूपेश बघेल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के लिए चरागाह बना हुआ है। छत्तीसगढ़, कांग्रेस पार्टी का एटीएम है। भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ के लोगों की कोई चिंता नहीं, विकास की चिंता नहीं है।



वह सिर्फ अपना पद बचाने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को खुश करने में जुटे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता का हित तिरोहित हो रहा है। प्रदेश की जनता परेशान है, हलाकान है, विकास के काम ठप पड़े हैं और मुख्यमंत्री हवा में विचरण कर रहे हैं। किसानों को पंप चलाने बिजली और खाद नहीं मिल रही और प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। यह सरकार सिर्फ दो काम कर रही है। एक दिल्ली को पत्र लिखना और कमेटियां गठित करना। खुद को क्या करना है इसके बारे में इनके पास कोई जवाब नहीं है।

विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार हरियाणा के विधायकों को बुलाकर सेवा में लगी हुई है। जिस पार्टी को अपने ही जनप्रतिनिधि पर विश्वास नहीं है, उस पर जनता कैसे विश्वास कर सकती है। चिंतन शिविर पर बृजमोहन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चिंतन नहीं चिंता में है। पूरे देश में कांग्रेस पार्टी क्यों समाप्त हो रही है। पूरे देश की जनता कांग्रेस पार्टी को क्यों नकार रही है। उन्होंने कहा कि यह तो कंगाल सरकार है। यह दिवालिया सरकार है। केंद्र की सरकार डीजल में 17 रुपये और पेट्रोल में 15 रुपये कम कर चुकी है। क्या प्रदेश सरकार डीजल में 10 और पेट्रोल में 5 रुपये कम नहीं कर सकती।

विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार अपनी जिम्मेदारियों से भाग रही है और केंद्र पर आरोप लगाती हैं। पहले अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करें फिर बात करें। उन्होंने कहा कि होर्डिंग में लगता है 5 लाख बेरोजगारों को रोजगार दिया और जब विधानसभा में प्रश्न का उत्तर देते हैं तो 16 हजार बताते हैं। यह सरकार सिर्फ दिखावे का काम कर रही है। जितने का गोबर नहीं खरीदा उससे ज्यादा प्रचार कर रही है। सरकार का काम धरातल पर जीरो है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस सरकार से कोई संतुष्ट नहीं है। मनरेगा, सफाई कर्मी, बिजली कर्मचारी, किसानों व डीए मांग रहे सरकारी कर्मचारियों की आवाज दबाई जा रही है। छत्तीसगढ़ अराजकता की तरफ जा रहा है।

## राष्ट्रीय राजमार्गों के कार्यों में लाएं तेजी: मुख्य सचिव

नेशनल हाईवे के कार्यों की हाई पॉवर कमेटी की बैठक सम्पन्न

**रायपुर।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्गों के कार्यों की हाई पॉवर कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के विभिन्न कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण, उन्नयन, वृक्ष कटाई, वन भूमि के व्यपवर्तन, भू-अर्जन, मुआवजा, लाईन शिफ्टिंग कार्य, भूमि नामांतरण सहित राष्ट्रीय राजमार्गो के कार्यों को कराने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही शीघ्र कराने के निर्देश संबंधित जिलों के कलेक्टरों को दिए।




हाई पॉवर कमेटी की बैठक में बिलासपुर जिले के अंतर्गत बिलासपुर से उरगा मार्ग, बिलासपुर से पथरापाली मार्ग, कबीर चबूतरा केंवची-केंदा-रतनपुर मार्ग, कोरबा जिले के अंतर्गत पथरापाली-कटघोरा मार्ग, जशपुर जिले के पत्थलगांव कुनकुरी मार्ग, राजनांदगांव जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्य, दुर्ग-रायपुर बॉयपास भारतमाला परियोजना, रायपुर जिले के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में ई.पी.सी. टाटीबंध चौक के विस्तारीकरण कार्य और रायपुर विशाखापट्नम भारतमाला परियोजना के कार्यों की समीक्षा की गई।

## ऑनलाइन जन शिकायतों के निराकरण में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल

**रायपुर ।** ऑनलाइन जन शिकायतों के निराकरण में पूरे देश भर में छत्तीसगढ़ ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अव्वल स्थान पर अपनी पहुंच बनायी है। भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग की बैठक में छत्तीसगढ़ की इस उपलब्धि के लिए सराहना की गई है। भारत सरकार के लोक शिकायत निराकरण के लिए बने पोर्टल [illegible] में प्राप्त आवेदनों में से 97 प्रतिशत आवेदनों के निराकरण के साथ छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान पर दर्शाया गया है। गुणवत्ता युक्त निराकरण के लिए भी राज्य सरकार की सराहना की गई है। राज्य में विगत पांच वर्षों से तीन जून 2022 तक की स्थिति में प्राप्त 62 हजार 738 आवेदनों में से 60 हजार 998 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। लोक शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव द्वारा लगातार बैठकें ली जाती हैं।

हरियाणा में कांग्रेस की जीत तय

## ऑब्जर्वर राजीव शुक्ला बोले- बीजेपी हमेशा हॉर्स ट्रेडिंग में रहती है, वे सफल नहीं होंगे

रायपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल और नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला को हरियाणा चुनाव के लिए ऑब्जर्वर बनाया है।



राज्यसभा चुनाव की सियासी गर्मी के बीच पर्यवेक्षक राजीव शुक्ला रायपुर पहुंचे और सीधे नवा रायपुर के मेफेयर होटल एवं रिसॉर्ट गए। रायपुर एयरपोर्ट पर हरियाणा में कांग्रेस की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा खरीद-फरोख्त, हॉर्स ट्रेडिंग में रहती है, लेकिन वे सफल नहीं होंगे।

कांग्रेस के पर्यवेक्षक राजीव शुक्ला ने कहा कि हरियाणा में हर हालत में कांग्रेस की जीत होगी। हमारे साथ पूरे विधायक हैं। जीत के लिए पर्याप्त विधायक हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा खरीद-फरोख्त करती है। हॉर्स ट्रेडिंग में रहती है, लेकिन उनकी उम्मीदें सफल नहीं होगी। हम निश्चित रूप से जीतेंगे। हरियाणा में सीट हमें आएगी। रायपुर लाए गए विधायकों के बारे में शुक्ला ने कहा कि अभी हरियाणा के विधायकों का प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। उदयपुर चिंतन शिविर के बाद प्रशिक्षण देकर ट्रेनिंग दे रहे हैं। मैं भी उसी सिलसिले में आया हूं।

पार्टी लाइन से कोई

### विधायक बाहर नहीं

राजीव शुक्ला ने कहा कि 28 विधायक रायपुर आए हैं। 3 विधायक जो नहीं आए हैं वह भी हमारे साथ हैं। पार्टी लाइन से कोई विधायक इधर-उधर नहीं होगा। पार्टी लाइन के साथ सभी अपना काम कर रहे हैं। कांग्रेस की ही जीत होगी। किसी भी विधायक में कहीं कोई नाराजगी नहीं है। चुनाव को लेकर कांग्रेस विधायकों के साथ बैठक होगी। बैठक में रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आज सीएम भूपेश बघेल से मुलाकात होगी। बता दें कि क्रासिंग वोटिंग के डर से कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा के 28 विधायकों व प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों को रायपुर भेजा है।

प्रेसवार्ता .... साढ़े तीन सालों में बस्तर में तेजी से हुआ विकास

## जब तक बस्तर के लोग सहमत नहीं होंगे, बोधघाट परियोजना प्रारंभ

रायपुर। विकास कार्य जन सरोकारों से जुड़े होते हैं। बस्तर के लोग जब तक सहमत नहीं होंगे, बोधघाट परियोजना प्रारंभ नहीं की जाएगी।




यह बात मुख्यमंत्री ने कांकेर में आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। साढ़े तीन सालों में बस्तर विकास के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ा है। ग्रामीण विकास और खेती किसानी को लेकर शासन ने जो निर्णय लिये हैं उससे तेजी से लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। न्याय योजनाओं का पैसा ग्रामीणों के खाते में आ रहा है इसलिए हर भेंट मुलाकात में बैंक खोलने संबंधी मांग अधिक आ रही है। वाहनों की खरीदी बढ़ गई है ट्रैक्टर, कार, बाइक के नये शो रूम तेजी से खुल रहे हैं। वनोपज संग्रहण की नीति से भी सुखद बदलाव हुआ है। महुआ की खरीदी बढ़ी है। काजू से लेकर मिलेट्स और महुआ का मूल्य संवर्धन हो रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों के माध्यम से और स्वास्थ्य में हाट बाजार में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल पा रही हैं।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनहित के किसी भी कार्य में विलंब नहीं किये जाने को लेकर सख्त निर्देश दिये गये हैं। प्रशासनिक व्यवस्था पुख्ता तरीके से काम कर रही है। इसके चलते भेंट मुलाकात में किसी तरह की शिकायत सामने नहीं आ रही है और इसके चलते किसी अधिकारी-कर्मचारी पर कार्रवाई भी नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहीं कहीं बंदोबस्त त्रुटि को लेकर दिक्कत आई है। इसके लिए हमने ड्रोन से सर्वे कर त्रुटि दुरूस्त करने के निर्देश दिये हैं। बस्तर में पर्यटन सुविधाओं का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। हम हवाई सेवा का विस्तार कर रहे हैं। योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर हो रहा है। भेंट मुलाकात के दौरान जो खामी दिखी है उसे भी दुरूस्त करने के लिए कार्य किया जाएगा। इस दौरान अनेक विकास कार्यों की घोषणाएं की गई हैं। पंद्रह दिनों में इनके क्रियान्वयन के लिए निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं।

### बस्तर संभाग की 12 विधानसभाओं में लोगों से की भेंट मुलाकात

## बीमा निगम की भर्ती में मुन्नाभाई

एग्जाम सेंटर में दूसरे की जगह परीक्षा देने आ गया युवक, दोनों गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर में हुई कर्मचारी राज्य बीमा निगम की भर्ती में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। यहां कैंडिडेट के नाम पर कोई दूसरा व्यक्ति पहुंचकर परीक्षा दिला रहा था। वो युवक मौके पर पकड़ा गया। एग्जाम कंडक्ट करवा रही एजेंसी ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

मामला सरोना का है, टाटा कंसलटेंसी एजेंसी अपने कैंपस में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के मल्टी टास्किंग स्टाफ के तहत चपरासी के पद पर परीक्षा ले रही थी। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 221 कैंडिडेट पहुंचे हुए थे।

परीक्षा कंडक्ट करवा रही एजेंसी के रुपेश वर्मा ने पुलिस से इस मामले की शिकायत की।



रुपेश ने बताया कि सभी परीक्षार्थियों के डॉक्यूमेंट की जांच की जा रही थी। बिहार के जहानाबाद के रहने वाले दिनेश कुमार यादव परीक्षा देने पहुंचा, जब दिनेश का फोटो मतदाता परिचय पत्र चेक किया गया तो परीक्षा दिलाने आए शख्स की तस्वीर मेल नहीं खाई । शक हुआ तो परीक्षा केंद्र के संचालकों ने युवक से पूछताछ की और इस पूरे मामले का खुलासा हुआ।

परीक्षा देने आए युवक ने बताया कि उसका नाम मनीष उर्फ अमर सिंह है । वह भी बिहार का रहने वाला है, और दिनेश यादव के कहने पर ही यहां परीक्षा देने पहुंच गया है। मनीष ने बताया कि दिनेश चरोदा भिलाई में एक कमरा लेकर ठहरा हुआ है । परीक्षा के बाद दोनों एक साथ बिहार लौटने वाले थे। पुलिस मनीष के साथ चरौदा पहुंची और वहां छुपे दिनेश को भी गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पता चला कि मनीष को दिनेश ने परीक्षा में अपनी जगह शामिल होने के लिए 2 से 3 लाख का ऑफर भी दिया था। रुपयों के लालच में आकर मनीष परीक्षा देने पहुंच गया।

# खतरे में वैश्विक खाद्य सुरक्षा: यूक्रेन पर रूस के हमले का असर

जब रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया था, तब उस खाद्य संपन्न क्षेत्र से संसार में आने वाली सबसे घनघोर त्रासदी का किसी को पूर्वानुमान नहीं था। गेहूं, मक्का, सोया, सूरजमुखी और जौ के वैश्विक निर्यात का एक बड़ा प्रतिशत उस क्षेत्र से आता है। आयात पर निर्भर बहुत सारे विकासशील देश दोनों युद्धरत देशों के मुख्य निर्यात बाजार हैं। युद्ध के कारण आज दुनिया के कई आयात-निर्भर विकासशील देशों में खाद्य की कीमत इतनी बढ़ गई है कि लोग और सरकारों के पैर उखड़ने लगे हैं।

उनके खाद्य भंडार भी खत्म होने लगे हैं और अकाल अपना डेरा जमाने लगा है। यह युद्ध इस दृष्टि से अलग है कि खाद्य की कमी, गरीबी और भूख का प्रभाव युद्ध क्षेत्र की तुलना में शेष दुनिया में अधिक होने वाला है। इन दोनों देशों में खाद्य उत्पादन में वृद्धि प्रभावशाली रही है, इसलिए खाद्य आयात-निर्भर देशों को अभी तक खाद्य संकट का सामना नहीं करना पड़ा। सूखा और जलवायु परिवर्तन के कारण फसल की पैदावार में कमी ने विकासशील देशों में भूख और अकाल की आशंकाएं तेज कर दी हैं। रूसी आक्रमण से कितनी ही जानें चली गई हैं, कितनी ही जानें और जाएंगी; इसके अलावा भी असंख्य लोग चुपचाप अकाल की भेंट चढ़ जाएंगे। इतिहास ने दिखाया है कि जनता को खिलाने की क्षमता से समझौता करना असहनीय आक्रोश को जन्म देता है। विकासशील देशों का क्या होगा, जहां खाद्य कीमत कई गुना बढ़ गई है और बढ़ती ही जा रही है तथा जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं बहुत बड़ी आबादी की पहुंच से बाहर हो रही हैं? क्या यह आबादी रूसी आक्रमण को दोष देगी? श्रीलंका में लोग सड़कों पर पुतिन का नाम लेकर नहीं निकल रहे। भुखमरी युद्ध का सबसे क्रूर हथियार है। हमारी जीवित स्मृति में पश्चिमी अफ्रीका का बियाफ्रा संभवतः इसका सबसे गंभीर उदाहरण है। नाइजीरिया से अलग हुआ बियाफ्रा 1967 से 1970 के बीच एक स्वतंत्र राष्ट्र था। नाइजीरिया के गृहयुद्ध में, जिसे नाइजीरिया-बियाफ्रा युद्ध भी कहा जाता है, बियाफ्रा के 20 लाख से अधिक लोग, जिनमें तीन-चौथाई बच्चे थे, भूख से मर गए थे, क्योंकि नाइजीरिया ने नाकेबंदी कर बियाफ्रा के लोगों के बीच खाद्यान्न का वितरण रोक दिया था। संयुक्त



विकासशील देशों का क्या होगा, जहां खाद्य कीमत कई गुना बढ़ गई है और बढ़ती ही जा रही है तथा जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं बहुत बड़ी आबादी की पहुंच से बाहर हो रही हैं?

राष्ट्र के नए आंकड़े से पता चलता है कि कुपोषण से पीड़ित दुनिया के 81.5 करोड़ लोगों में 60 फीसदी युद्ध क्षेत्रों में रहते हैं। यमन, इथियोपिया, श्रीलंका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे युद्ध और आतंकवाद से जूझते देश आज भूख के हॉटस्पॉट के रूप में उभर रहे हैं।

बियाफ्रा से भी पहले 1932-33 में पूर्व सोवियत संघ के राज्य यूक्रेन के लोगों के खिलाफ भुखमरी का प्रयोग किया गया था, जिसमें 70 लाख से एक करोड़ के बीच लोग मारे गए थे। यूक्रेन में उसे %होलोडोमोर% कहा गया, जिसका अर्थ है, भूख से मारना। स्टालिन ने यूक्रेनियों के स्वतंत्रता-प्रेम की भावना को कुचलने के लिए वह कदम उठाया था। 90 वर्ष बाद यूक्रेन में होलोडोमोर एक बार फिर सिर उठा रहा है, और इस बार इसके लिए पुतिन जिम्मेदार हैं। वर्ष 2022-23 की विश्वव्यापी घटनाओं से यह सिद्ध हो जाएगा कि अब खाद्य समृद्धि के युग का अंत हो गया है। विश्व खाद्य सुरक्षा पर लगे युद्ध, संघर्ष और मजहबी आतंकवाद के ग्रहण से नई चुनौतियां भी उभर रही हैं, जो कृषि और खाद्य उत्पादन की सार्वजनिक धारणाओं को प्रभावित कर रही हैं। कोई भी त्रासदी इतिहास को एक नया मोड़ दे जाती है। जब कोई राष्ट्र अकाल या खाद्य संकट से उबरता है, तो वह सर्वप्रथम अपनी खाद्य उत्पादन व्यवस्था को सुदृढ़ करता है, नीतियों में परिवर्तन करता है और अपने लोगों में नवीन आशाओं का संचार करता है। जिन राष्ट्रों का पेट भरा होता है, वे यथास्थितिवाद से जकड़े रहते हैं। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद उन्नत प्रौद्योगिकियों के माध्यम से अमेरिका और यूरोप में कृषि उपज में विस्फोट हुआ। युद्ध और भूख की त्रासदी वर्षों तक झेल चुके राष्ट्रों का मूल मंत्र था, शांति के लिए भोजन।

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद खाद्य-संपन्नता के शिखर पर पहुंचे देशों को अब खाद्य विपन्नता का डर सता रहा है और अकाल की भावी त्रासदी को सूंघते हुए वे अब यथास्थितिवाद का दामन छोड़ने लगे हैं। जिन विकसित देशों से अन्न आयात कर विकासशील राष्ट्र अपने लोगों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर पाते थे, वे अब भारत की ओर हाथ फैलाते दिख रहे हैं। पूरा यूरोप आस लगाए बैठा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते वह भारत से गेहूं आयात करेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) स्वयं भारत से भुखमरी के कगार पर खड़े देशों को अनाज भेजने की प्रार्थना कर रहा है। अमेरिका और जर्मनी भी भारत से ऐसा कह चुके हैं। विश्व समुदाय का मानना है कि भारत ही दुनिया को अकाल और भुखमरी के चंगुल से बाहर निकाल सकता है। ऐतिहासिक रूप से, कृषि उपज में वृद्धि मुख्य रूप से पादप प्रजनन नवाचारों से हुई है, जिसे हमने हरित क्रांति का नाम दिया है। लेकिन यह भी सच है कि हरित क्रांति ने पारिस्थितिकी विनाश और पर्यावरण प्रदूषण के रास्ते खोले हैं, और अब यह भी साबित हो गया है कि कृषि की चलताऊ प्रौद्योगिकी दुनिया को खाद्य सुरक्षा नहीं दे सकती।

वीर सिंह

## संपादकीय

### सावधानी हटी तो बात गई!

अब जबकि दुनिया का ध्यान कोरोना से हट गया है, तो इसमें कोई हैरत की बात नहीं है कि कोरोना वैक्सीन को पेटेंट मुक्त करने की वार्ता के नाकाम होने के कगार पर पहुंच जाने की खबर आ रही है।

जब दुनिया में कोरोना महामारी के कारण कोहराम मचा था, तब कोरोना वैक्सीन को पेटेंट मुक्त कराने का मुद्दा दुनिया के एजेंडे पर सबसे ऊपर था। दबाव यहां तक बना कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी इस मांग का समर्थन कर दिया। हालांकि दवा कंपनियां और यूरोपीय देश तब भी उससे सहमत नहीं थे। वे उस माहौल में भी इनसान की जान पर मुनाफे को तरजीह देने की तोहमत अपने माथे पर लेने को तैयार थे। अब जबकि दुनिया का ध्यान कोरोना से हट गया है, तो इसमें कोई हैरत की बात नहीं है कि कोरोना वैक्सीन को पेटेंट मुक्त करने की वार्ता के नाकाम होने के कगार पर पहुंच जाने की खबर आ रही है। गौरतलब है कि अगर इन वैक्सीन को पेटेंट मुक्त कर दिया जाए, तो उनका विकासशील देशों में सस्ती दर पर उत्पादन करने का रास्ता खुल जाएगा। फिलहाल दुनिया में कोरोना महामारी काबू में है। लेकिन विशेषज्ञों ने चेतावनी दे रखी है कि अभी आश्वस्त होने का समय नहीं आया है। फिर बात सिर्फ इस महामारी की नहीं है। अगर इस बार एक मिसाल कायम होती, तो भविष्य की महामारियों से रोकथाम का एक मॉडल भी तैयार होता। लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। एक अंतरराष्ट्रीय वेबसाइट ने खबर दी है कि वैक्सीन को पेटेंट मुक्त करने की वार्ता में कई अड़ेंगे डाल दिए गए हैं। अब संभव है कि ये वार्ता टूट जाए। बातचीत विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) की देखरेख में चली है।

# वैवाहिक बलात्कार अपराध की श्रेणी में है या नहीं, कानून भी एकमत नहीं

*हमारे समाज व संविधान में आज तक वैवाहिक बलात्कार पर बहस जारी है क्योंकि विवाह के उपरांत पत्नी की रजामंदी के बिना बनाए गए यौन संबंधों को बलात्कार की श्रेणी में शामिल नहीं किया गया। वर्तमान समय में यह बहस जस्टिस शकधर और जस्टिस सी.हरिशंकर की अदालत में मैरिटल रेप से संबंधित केस की सुनवाई पर दो अलग-अलग निर्णयों के रूप में आती है। जस्टिस राजीव शकधर ने मैरिटल रेप को अपराध माना तो वहीं जस्टिस सी. हरिशंकर ने इसे अपराध नहीं माना। जस्टिस राजीव शकधर ने वैवाहिक बलात्कार के अपवाद को समाप्त करने का समर्थन करते हुए,अपने फैसले में कहा था ।*

'भारतीय दंड संहिता लागू होने के 162 साल बाद भी एक विवाहित महिला की न्याय की मांग नहीं सुनी जाती है तो दुखद है। जहां तक मेरी बात है, तो विवादित प्रावधान (धारा 375 का अपवाद दो) संविधान के अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता), 15 (धर्म, नस्ल, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव का निषेध), 19 (1) (ए) (अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार) और 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) का उल्लंघन हैं और इसलिए इन्हें समाप्त किया जाता है।

वहीं जस्टिस सी. हरिशंकर ने वैवाहिक बलात्कार को अपराध न मानते हुए इसे परिवार संस्था पर खतरा बताते हुए कहा, 'धारा 375 का अपवाद-2 अनुच्छेद 14, 19 या 21 का उल्लंघन नहीं करता है। इसमें साफ तौर पर अंतर है।

यह अपवाद असंवैधानिक नहीं है और संबंधित अंतर सरलता से समझ में आने वाला है। मैं अपने विद्वान भाई से सहमत नहीं हो पा रहा हूं। ये प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 14, 19 (1) (ए) और 21 का उल्लंघन नहीं करते। और इस संबंध में याचिकाकर्ता खुशबू सैफी ने सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सी. हरिशंकर के फैसले को चुनौती दी है।



वैश्विक स्तर पर करीब 76 देशों में वैवाहिक बलात्कार दंडनीय अपराध है। जबकि भारत सहित पांच देशों में वैवाहिक बलात्कार आज भी बलात्कार नहीं है। भारत में वैवाहिक बलात्कार अपराध तब माना जाता है, जब कानूनी तौर पर दोनों एक-दूसरे से अलग रह रहे हो। वैश्विक स्तर पर करीब 76 देशों में वैवाहिक बलात्कार दंडनीय अपराध है। जबकि भारत सहित पांच देशों में वैवाहिक बलात्कार आज भी बलात्कार नहीं है।

### दुनिया में कानून

वैश्विक स्तर पर करीब 76 देशों में वैवाहिक बलात्कार दंडनीय अपराध है। जबकि भारत सहित पांच देशों में वैवाहिक बलात्कार आज भी बलात्कार नहीं है। भारत में वैवाहिक बलात्कार अपराध तब माना जाता है, जब कानूनी तौर पर दोनों एक-दूसरे से अलग रह रहे हो।

1991 में आर.बनाम.आर मामले में अंग्रेजी अपराध कानून के तहत पति द्वारा पत्नी के बलात्कार का मामला उभरा। न्यायालय की सुनवाई में कहा गया कि 'कोई भी पति अपनी पत्नी के साथ बिना सहमति के यौन संबंध बनाने पर अपराधी हो सकता है, क्योंकि पति और पत्नी दोनों समान रूप से शादी के बाद जिम्मेदार होते हैं। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता कि शादी के बाद सभी परिस्थितियों में पत्नी यौन संबंध बनाने के लिए राजी हो'।

इसी तरह न्यूयार्क की अदालत में पीपुल्स बनाम लिब्रेटा मामले की सुनवाई के दौरान कहा गया-

बलात्कार और वैवाहिक जीवन में बलात्कार के बीच अंतर करने का कोई औचित्य नहीं और विवाह किसी पति को अपनी पत्नी के साथ बलात्कार करने का लाइसेंस नहीं देता। कोर्ट ने न्यूयॉर्क के उसी कानून को असंवैधानिक करार दिया जिसने वैवाहिक बलात्कार को अपराध न मानने की छूट दे रखी थी। नेपाल के न्यायालय में भी पत्नी की सहमति के बिना वैवाहिक सेक्स बलात्कार के दायरे में रखा गया।

वैश्विक स्तर पर वैवाहिक बलात्कार पर बहुत से देशों में मौजूद कानून की तर्ज पर भारत पर भी दबाव बनाया गया कि वह इसे कानून में शामिल करें ।

भावना मासीवाल

## मिला जुला

# उत्तराखंड में 500 मीटर गहरी खाई में गिरी बस, अब तक 25 यात्रियों की हुई मौत

## ज्यादातर यात्रियों की हालत गंभीर

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर 28 यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में गिर गई। उत्तराखंड कंट्रोल रूम के मुताबिक इस हादसे में 25 यात्रियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, बाकी घायल यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ज्यादातर यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी मिली है कि बस करीब 500 मीटर गहरी खाई में गिरी है। बस हादसे में सभी मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री ने 2-2 लाख रुपये की घोषणा की है।




### मध्य प्रदेश के पन्ना जिले से सभी हताहत

उत्तराखंड में यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर बड़े बस हादसे के बाद मौके पर राहत और बचाव के लिए स्ष्ठक्रस्न की टीम लगाई गई है। बस यमुनोत्री की ओर जा रही थी जो अनियंत्रित होकर डामटा और नौगांव के बीच रिखाऊ खड्ड के पास खाई में गिर गई। चश्मदीदों के मुताबिक अधिकांश यात्रियों की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी हताहत मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के रहने वाले हैं।

### प्रधानमंत्री ने किया मुआवजे का ऐलान

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर हुए बस हादसे में 22 लोगों की जान चली गई। इस हादसे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुग्रह राशि की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से ट्वीट में लिखा है, 'उत्तराखंड में दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए पीएमएनआरएफ की ओर से 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे।'

### अमित शाह ने जताया दुख

उत्तराकाशी में डामटा के पास हुए भीषण बस हादसे में मारे गए लोगों को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री ने दुख जताया है। अमित शाह ने ट्वीट किया, 'उत्तराखंड में श्रद्धालुओं की बस के खाई में गिरने की सूचना अत्यंत दु:खद है। इस पर मैंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात की है। स्थानीय प्रशासन व SDRF की टीमें बचाव कार्य में लगी हैं और घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया जा रहा है। NDRF भी शीघ्र वहां पहुंच रही है। वहीं इस बस दुर्घटना में मारे गए सभी लोग मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के रहने वाले थे। हादसे की जानकारी के बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी ट्वीट किया है।

# लोकसभा उपचुनाव- आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव, रामपुर से आजम खान की पत्नी का सपा से टिकट - सूत्र

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की दो लोकसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवार तय कर लिए हैं. समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, पार्टी सूत्रों ने बताया कि आजमगढ़ से पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव और रामपुर से पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान की पत्नी तंजीन फातिमा का टिकट पक्का हो गया है. हालांकि सपा की ओर से फिलहाल इस बारे में कोई



आधिकारिक बयान नहीं आया है. निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश की रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए अधिसूचना 30 मई को जारी की थी और इसके लिए नामांकन दाखिल करने की आज आखिरी तारीख है. इन दोनों सीटों पर 23 जून को मतदान होगा और 26 जून को नतीजे साफ हो जाएंगे. ये दोनों ही सीटें पर पहले सपा के ही खाते में थी. आजमगढ़ सीट से जहां पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव सांसद थे, जबकि रामपुर सीट पर आजम खान का कब्जा था. हालांकि यूपी विधानसभा चुनाव में जीत के बाद इन दोनों नेताओं ने सांसदी छोड़कर विधायक बनने का फैसला किया. ऐसे में इन दोनों सीटों पर उपचुनाव हो रहा है।

# यूपी- दिल्ली-बिहार में भीषण लू का कहर

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर-पश्चिम और मध्य हिस्से फिर से लू की चपेट में है। कई कस्बों और शहरों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान, जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड, विदर्भ, उत्तर प्रदेश के दक्षिणी क्षेत्र और मध्य प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र में अगले दो से तीन दिनों तक लू चलने की आशंका है। इस बीच मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि देश के उत्तर पूर्वी हिस्सों में अगले पांच दिनों तक तेज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार के दिन भी लोगों को झुलसाने वाली लू का सामना करना पड़ेगा। इसके लिए मौसम विभाग की ओर से लू का अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार के दिन 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाएं भी चलेंगी।



## कानपुर हिंसा में नया खुलासा

# हिंसा के लिए बोतल में भरकर लाया गया था पेट्रोल, सीसीटीवी में कैद हुई तस्वीरें

**कानपुर** हिंसा के आरोपियों की लगातार धरपकड़ जारी है. रविवार को 5 और आरोपियों की गिरफ्तार किया गया। कानपुर हिंसा में अब तक 29 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है, जबकि 36 लोगों को नामजद किया गया है।ATS को भी जांच में शामिल किया गया है। कानपुर हिंसा में अब तक गिरफ्तार सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी आरोपियों को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है।

इस बीच, कानपुर हिंसा की जांच के लिए SIT गठित की गई है. पुलिस



उपायुक्त संजीव त्यागी SIT की निगरानी करेंगे, जबकि जांच में ATS को भी शामिल किया गया है। वहीं कानपुर हिंसा की जांच PFI के एंगल से भी की जा रही है। इस मामले में समाजवादी पार्टी से जुड़े रहे निजाम कुरैशी का नाम भी सामने आ रहा है लेकिन अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है. सीसीटीवी फुटेज से यह पता चला है कि बोतल में भरकर पेट्रोल लाया गया था। इसके साथ ही, कानपुर हिंसा में यह भी खुलासा हुआ है कि ऊंची इमारतों से भी पथराव किया गया था।

# वैज्ञानिकों ने जलवायु परिवर्तन को लेकर दी ये चेतावनी

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन का असर हर तरफ दिख रहा है। बढ़ती गर्मी और असमय बारिश के चलते लोगों के लिए मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में हुए एक अध्ययन में दावा किया गया है कि 21वीं सदी में हर महीने होने वाली औसत बारिश में 40 से 50 मिलीमीटर तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके चलते बाढ़ की घटनाएं बढ़ेंगी। आने वाले दिनों में हर साल भीषण बाढ़ का सामना करने वाले इलाकों के क्षेत्रफल में 122 फीसदी तक की बढ़ोतरी की संभावना है।

अध्ययन के मुताबिक, 21वीं सदी के अंत तक लगभग 0.071 मिलियन वर्ग किलोमीटर इलाके में जंगल काट कर इस जमीन का



भीषण बाढ़ के लिए हो जाइए तैयार

इस्तेमाल खेती और रहने के लिए घर बनाने के लिए किया जाएगा। इससे हालात और खराब होने की संभावना है। इस शोध में शामिल पश्चिम बंगाल के वर्धमान विश्वविद्यालय के डॉक्टर सुबोध चंद्र पाल ने बताया कि पिछले कुछ सालों में गर्मी बढ़ी है। संयुक्त राष्ट्र के 'जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल' (आईपीसीसी) ने भी पृथ्वी का औसत तापमान 2030 तक 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़ने की बात कही है। ऐसे में गर्मी बढ़ने से बारिश के पैटर्न में भी बदलाव देखा जाएगा।

**रेल टिकट बुकिंग के नियमों में बड़ा बदलाव** - पिछले कुछ समय में देश के तटीय इलाकों में कई चक्रवात दर्ज किए गए हैं। ये भी जलवायु परिवर्तन का ही परिणाम है।

### पीएम मोदी ने आज 'जन समर्थ पोर्टल' लॉन्च किया इस वजह से बढ़ेगी बाढ़

रिपोर्ट के मुताबिक इस शोध का मुख्य उद्देश्य जलवायु और भूमि परिवर्तन के कारण भविष्य में भारत में आने वाली बाढ़ का अनुमान लगाना था। इसके लिए मानव गतिविधि और उससे होने वाले कार्बन उत्सर्जन, भूमि उपयोग में बदलाव और जलवायु परिवर्तन प्राथमिक कारण है। यह अध्ययन रिमोट सेंसिंग डेटा और जीआईएस मॉडलिंग के जरिए आने वाले समय में अलग - अगल अवधि (21 वीं सदी) के उच्च-रिज़ॉल्यूशन बाढ़ संवेदनशीलता मानचित्र प्रस्तुत करता है। यह मॉडल 91.57 फीसदी सटीकता को दर्शाता है। इसका उपयोग भविष्य में बाढ़ संवेदनशीलता मॉडलिंग के लिए किया जा सकता है।

# ग्राम केंवटापाली जंगल में सजे जुआ फड में भंवरपुर पुलिस का छापा

**8 जुआड़ियों से नगद 82320 के साथ 5 नग चारपहिया वाहन किमती 35,00000 व 7 नग मोबाइल किमती 42000 रुपये कुल जुमला रकम 36,24,320 रुपये जप्त**

जोहार छत्तीससगढ़–बसना।

पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने गुल जुआ, खुड़खुड़िया जुआ,सट्टा, अवैध शराब, गांजा परिवहन आदि संदिग्ध गतिविधयों पर रोक लगाने एवं उनके विरूध्द कार्यवाही करने हेतु जिले के समस्त थानाध्चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया था।

जिसके तहत थानाध्चौकी क्षेत्रों में ऐसे गतिविधियों पर निगाह रख रही थी कि इसी दौरान 05 जून 2022 को मुखबीर से सूचना मिली की ग्राम केवटापाली के बीच जंगल में जुआ का फड लगा है और कुछ लोग जुआ खेल और खिलवा रहे है कि सूचना को गम्भीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक महासमुन्द द्वारा टीम को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। टीम मुखबिर के बताए स्थान पर मौके पर फड तक पहुंची और चारों ओर से घेराबंदी कर 08 जुआडियों को पकडा गया। उक्त रेड की कार्यवाही में केवटापाली के जंगल में मुकेश कुमार बर्मन पिता मनहरण बर्मन उम्र 27 साल साकिन वार्ड नंबर 3 लवन थाना कसडोल जिला बलौदा बाजार नारायण साहू पिता ननकीदाऊ साहू उम्र 40 वर्ष साकिन मरदा थाना



कसडोल जिला बलौदा बाजार राजेश कुमार पैंकरा पिता भगवान सिंह पैंकरा उम्र 33 साल साकिन करदा थाना कसडोल जिला बलौदा बाजार, साहेब लाल कुर्रे पिता कार्तिक राम कुर्रे उम्र 43 वर्ष साकिन खैदा चौकी लवन थाना कसडोल जिला बलौदा बाजार, राम शरण सिंह पिता लखन सिंह उम्र 48 वर्ष साकिन वार्ड नंबर 6 भटगांव थाना भटगांव जिला बलौदा बाजार,मनमोहन सिंह निराला पिता ऐकादसिया निराला उम्र 36 वर्ष साकिन धनगांव थाना सरसीवा जिला बलौदा बाजार, नीलकंठ अंचल पिता कुंज बिहारी उम्र 37 वर्ष साकिन बोहारडीह थाना पचपेडी जिला बिलासपुर, अनुराग डहरिया पिता राम डहरिया उम्र 30 वर्ष साकिन पामगढ़ थाना पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा को जुआ के फड़ से पकड़ा गया। उनके पास और फड़ से नगदी रकम 82320 रुपये एवं 07 नग मोबाइल किमती 42000 रुपये एवं 5 नग चारपहिया वाहन;2 नग स्कार्पियो कार 1 नग डस्टर कार 1 नग अर्टिगा कार 1 नग बोलेरोद्धकीमती लगभग 35,00000? कुल जुमला रकम किमती 36,24,320 रुपये को जप्त किया गया।

आरोपीगण का कृत्य अपराध धारा 13 जुआ एक्ट के पाए जाने से मोके पर गिरफ्तार किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेम्भूरकर साहू के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सरायपाली विकास पाटले तथा थाना प्रभारी बसना निखिल राखेचा भापुसे के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी नसीम उद्दीन खान प्रधान आरक्षक जनक राम उरांव, मनोज मानिकपुरी, आरक्षक ललित कुमार यादव,उत्तम साहू,ललित पनागर,गोविंद प्रधान,जैलेन्द्र देवांगन देवेंद्र साहू शामिल रहे।

## एक नजर

### थाना जगरगुण्डा क्षेत्र में सक्रिय जनमिलिशिया सदस्य ने किया आत्मसमर्पण

छ.ग. शासन के पुर्नवास नीति व पुना नम अभियान से प्रभावित होकर किया आत्मसमर्पण

जोहार छत्तीसगढ़–सुकमा।

जिला सुकमा में सुंदरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर छग विनय कुमार सिंह, उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ परिचालन दन्तेवाड़ा के मार्ग दर्शन एवं सुनील शर्मा पुलिस अधीक्षक सुकमा, धर्मेन्द्र कुमार झा कमाण्डेन्ट 165 वाहिनी सीआरपीएफ के निर्देशन में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति के प्रचार-प्रसार तथा सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नम अभियान नई सुबह, नई शुरूवात से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके



शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर प्रतिबंधित नक्सली संगठन में जनमिशिया के पद पर कार्यरत माड़वी नंदा साकिन थाना जगरगुण्डा क्षेत्र के द्वारा सोमवार को थाना जगरगुण्डा में डीसी स्वतंत्र शुक्ला 165 वाहिनी सीआरपीएफ, विजय सिंह राजपूत, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगरगुण्डा, एसीअरविंद कुमार मिश्रा 165 वाहिनी सीआरपीएफ एवं निरीक्षक नरेन्द्र दुबे, उनि कृष्ण कुमार साहू के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। आत्मसमर्पित नक्सली को राज्य शासन के पुनर्वास नीति के तहत् सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय किया जायेगा।

### ग्राम सेमरिया में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती में फर्जी दस्तावेज पेश करने के मामले जिला कलेक्टर से की शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।

कोटा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सेमरिया में सत्र 2020-21में एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया था जिसमे की आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 और आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में एक-एक पद खाली था। जिसमे आवेदनकर्ता हेमलता खांडेकर हेमलता बर्मन पिता जगदेव बर्मन सविता



बर्मन और प्रिया पोर्ते ये तीन लोगों के द्वारा एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग कोटा के कार्यलय में आवेदन किया गया था जिसमे की आवेदनकर्ता हेमलता खांडेकर हेमलता बर्मन एक ही व्यक्ति के द्वारा फर्जी परित्यागता प्रमाण दस्तावेज प्रस्तुत कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की पद को हासिल करना चाहती थी जिस पर शिकायतकर्ता सविता बर्मन के द्वारा जिला कलेक्टर में सोमवार को इसकी शिकायत की गई हैं। अब देखना होगा कि इस मामले में संबंधित अधिकारियों के द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है।

### बिजली जरूरी पर जीवन को बचाने पेड़ों का रहना भी आवश्यक

**कोरबा** । स्वामी सुरेन्द्र नाथ ने कहा कि देश की प्रगति के लिए बिजली का उत्पादन जरूरी है पर जीवन को बचाने पेड़ों का रहना भी जरूरी है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए। बिजली का इस्तेमाल हम तभी कर पाएंगेए जब सांस लेने आक्सीजन हो। रविवार को जिले के प्रवास पर रहे स्वामी सुरेन्द्र नाथ पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग से कई तरह की आपदाओं का सामना करना पड़ता है। विकास के नाम पर हसदेव अरण्य क्षेत्र के पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

# विवादित जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कर पांच के खिलाफ जुर्म दर्ज

पटवारी और कोटवार पर मिलीभगत में शामिल होने का शक

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

जिले के खल्लारी थाना क्षेत्र में विवादित भूमि को पांच लोगों द्वारा मिलीभगत कर फर्जी तरीके से अन्य व्यक्ति को बेचे जाने के मामले में खल्लारी पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420/467/468/471 और 120 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम अमलीडीह निवासी गया सिंह निषाद पिता झंगलू 70 ने विगत 25 फरवरी को एसपी से लिखित शिकायत की थी। शिकायत पत्र में कहा था कि गांव अमलीडीह स्थित प.हं. नं. 20 खसरा क्रमांक 33/1 रकबा 0.50 हेकटेयर की विवादित जमीन को फर्जी तरीके से पांच लोगो ने मिलकर छगन निषाद को बिक्री कर दिया है।

आवेदन को जाँच के लिए खल्लारी थाना भेजा गया था। प्रधान आरक्षक हरीप सोना ने बताया किए उक्त भूमि का मामला न्यायलय बागबहरा में चल रहा था। जिसका निर्णय 29 दिसम्बर 2021 को गया सिंग के पक्ष में आया। बावजूद 25 दिसम्बर 2021 को प. ह. नं. 20 के पटवारी से उक्त खसरा का बी-1 , खसरा नक्शा निकलवाकर 01 जनवरी 2022 को बयनामा विक्रय विलेख की कंडिका 3 में सम्बंधित भूमि के विवाद को छुपाते हुए झूठी घोष्णा करते हुए उक्त विवादित खसरा क्रमांक 33/1 की भूमि को छगन लाल निषाद को विक्रय कर दिया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 120,467, ,468,471,120 बी भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया की आवेदन में पटवारी और कोटवार पर भी जमीन की बिक्री में शामिल होने का संदेह व्यक्त किया गया है।

### कोसा उत्पादन के लिए रोपे जाएंगे 4.51 लाख अर्जुना के पौधे

**कोरबा** । जिले में संचालित 48 तसर केंद्रों में रोजगार गांरटी से इस वर्ष 110 लाख हेक्टेयर में 4.51 लाख अर्जुना पौधों की रोपणी की जाएगी। जिला रेशम विभाग को 1ण्49 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। जुलाई माह से शुरू होने वाली प्रथम चक्र में 20 लाख अतिरिक्त नए पेड़ों से कोसा फल का उत्पादन होगा। इससे न केवल कोसा व्यवसाय सुदृढ़ होगा बल्कि बुनकरों में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

वर्तमान में 48 तसर केंद्रों के 1256 हेक्टेयर भूमि में कोसा उत्पादन हो रहा है। वर्ष भर के भीतर होने वाली तीन फसल चक्र से इस बार 1.40 करोड़ कोसा फल उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

# कला जत्था नाचा दल के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन की फ्लेगशिप योजनाओं और कार्यक्रमों की दी जा रही जानकारी

ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ प्रचार सामग्री भी नि:शुल्क किया जा रहा वितरण

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जनसम्पर्क विभाग के दिशा.निर्देश में जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में कला जत्थाए नाचा दल के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जा रही है। इसके तहत जनसंपर्क विभाग द्वारा जशपुर जिले में चिन्हांकित 45 स्थानों में कला जत्था दल द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है। जिसके अंतर्गत विगत दिवस 05 जून को अभिनट नाट्य फाउंडेशन रायपुर के कला जत्था दल द्वारा कांसाबेल विकासखंड के बरजोरए बटईकेला और साजापानी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इसी प्रकार आज फ रसाबहार विकासखण्ड के तुमला, खुटगांव और गंझियाडीह में छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ ही





विभिन्न योजनाओं पर आधारित न्याय का छत्तीसगढ़ मॉडल जिला जशपुर पुस्तिका, जनमन सहित अन्य प्रचार सामग्री का नि:शुल्क वितरण भी किया जा रहा है।

स्थानीय बोली और सरस तरीके से तथा हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन की फ्लेगशिप योजनाओं गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, किसानों की कर्जमाफी, धान खरीदी, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूलए धनवंतरी मेडिकल जैनरिक स्टोर तथा नरवा, गरवा, घुरवा और बारी जैसी अनेक योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

# किसान सूरजभान को दलहन एवं तिलहन की खेती से एक वर्ष में 72000 रुपए की हुई आमदनी

कृषि विभाग से मिले प्रशिक्षण एवं मदद से खेती करने में मिल रही सहुलियत किसान सुरजनाथ

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

किसानों को आर्थिक रूप से संबल बनाने तथा नई फसल लेने हेतु कृषि विभाग के द्वारा निरंतर विभिन्न प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन कर किसानो को आधुनिक खेती से जोड़ा जा रहा है। जिससे किसान की फलस में बढ़ोतरी हो सके और वे अपने आमदनी को दोगुनी कर सके। कृषि विभाग के विभिन्न प्रयासों से लाभांवित दुलदुला विकासखंड के ग्राम ढोढीआरा निवासी किसान सूरजनाथ सिंह ने प्रशिक्षण एवं कृषि विभाग के सलाह से आधुनिक खेती कर 72 हजार रुपए की आमदनी अर्जित की। किसान सूरजनाथ सिंह ने कहा कि उनके पास कुल 21.48 एकड़ जमीन है। गत वर्ष कृषि विभाग की केन्द्र प्रवर्तित बीज ग्राम योजना अंतर्गत उन्हें अरहर बीज 12 किलोग्राम प्रदाय किया गया था। जिसे वह 1.5 एकड़ मे अरहर एवं मूंगफली तथा 1 एकड़ में तिलहन 0.50 एकड़ में सब्जी की

**सफलता की कहानी**



खेती की। उन्होंने बताया कि समय-समय पर उक्त फसल पर प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त तरीकों से उन्होंने पोषक खाद एवं दवाई का छिड़काव किया। जिससे उनका फसल की उपज अधिक मात्रा में हुई। उन्होंने ने बताया कि जब मैं पूर्व में परंपरागत विधि से खेती करते थे तो उन्हे मेहनत के अनुसार फसल की उपज नहीं मिल पाती थी।

परंतु पशिक्षण के उपरांत उन्होंने आधुनिक तकनिकी का उपयोग कर खेती किया तो उन्हें 1 वर्ष में 6.00 क्विंटल अरहर, मूंगफली 4.00 क्विं. एवं तिल का उत्पादन 2.00 क्विं. प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि उक्त फसल से उन्हें 72 हजार रुपये की आमदनी प्राप्त हुई। किसान सुरजनाथ ने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत जब खेती की उपज अच्छी आई तो वे अधिक प्रोत्साहित हुए। अब वे और ज्यादा उत्साह के साथ खेती करेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी वर्ष से अधिक क्षेत्र में दलहन एवं तिलहन की खेती करेंगे। किसान सुरजनाथ ने कहा कि वे अपने आस पास के किसानों को भी अन्य फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। जिससे उन्हें भी आर्थिक रूप से अधिक आमदनी हो सके। साथ ही उन्होंने उक्त प्रशिक्षण के लिए जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

# विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के सदस्यो के लिए योगाभ्यास शिविर का आयोजन



जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश अग्रवाल एवं आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त बीके राजपूत के मार्गदर्शन में जिले के बगीचा एवं मनोरा विकासखण्ड में विषेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवार के सदस्यो हेतु 15 दिवसीय योगाभ्यास एवं नशामुक्ति शिविर 10 जून तक आयोजित किया गया है। बगीचा विकासखण्ड के 05 एवं मनोरा विकासखण्ड के 02 छात्रावास.आश्रम में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इनमें बगीचा विकासखण्ड के बालक आश्रम सुलेसा, बालक आश्रम टांगरपानी, बालक आश्रम हर्राडीपा, बालक आश्रम गायबुड़ा, बालक आश्रम सरबकोम्बो एवं मनोरा विकाखण्ड के बालक आश्रम गेड़ई एवं छतौरी शामिल हैं।

शिविर का मुख्य उद्देश्य जनजातीय परिवार के सदस्यों को योगाभ्यास के साथ नशामुक्ति हेतु प्रेरित करना है। योग शिविर में पहाड़ी कोरवा परिवार के अतिथि शिक्षक, छात्रावास आश्रम के अधीक्षक, आयोजित ग्राम के पहाड़ी कोरवा परिवार के अलावा स्थानीय युवा भी शामिल हो रहे हैं। योग शिविर में विभिन्न योग कराते हुए नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी दी जा रही है। योग को सर्वसुलभ और प्राकृतिक पद्धति हैए इससे मन एवं शरीर के साथ आध्यात्मिक लाभ मिलता है। अधिकांश अपराधों के पीछे नशा मुख्य कारक होता हैए साथ ही नशा से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दिये जाने से युवा स्वयं तो जागरूक हो रहे हैंए साथ ही ग्रामीणों को भी नशा से दूर रहने की समझाइश दे रहे हैं।



# हसदेव और सिलगेर आंदोलन के साथ किसान सभा ने की एकजुटता कार्यवाही, अडानी के उत्पादों के बहिष्कार का आह्वान

जोहार छत्तीसगढ़–रायपुर।

जल-जंगल जमीन और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए तथा आदिवासियों के नैसर्गिक अधिकारों को कुचलकर लागू किये जा रहे कॉर्पोरेटपरस्त विकास के खिलाफ छत्तीसगढ़ किसान सभा द्वारा पूरे प्रदेश में हसदेव और सिलगेर में जारी आंदोलनों के साथ एकजुटता प्रकट की गई। इस सिलसिले में छत्तीसगढ़ किसान सभा के अध्यक्ष संजय पराते ने हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति द्वारा आयोजित संकल्प सम्मेलन में हिस्सा लिया तथा सम्मेलन में उपस्थित लोगों को जल जंगल जमीन तथा अपने प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने, विकास के नाम पर कांग्रेस भाजपा की विनाशकारी कॉर्पोरेटपरस्त नीतियों को मात देने तथा अडानी के उत्पादों का बहिष्कार करने की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में उन्होंने हसदेव और सिलगेर में चल रहे संघर्षों को व्यापक बनाने के लिए सभी जनवादी ताकतोंए जन संगठनों और जन आंदोलनों





की एकजुटता पर बल दिया, ताकि विकास परियोजनाओं के नाम पर बलपूर्वक भूमि अधिग्रहण करने या अवैध रूप से भूमि हड़पने की नीतियों के खिलाफ संघर्ष को तेज किया जा सके। उन्होंने कहा कि जो सरकारें अपने ही बनाये संविधान और कानूनों का उल्लंघन कर रही हैंए उन सरकारों को इस देश के आदिवासी और नागरिक भी मान्यता देने के लिए तैयार नहीं है। किसान सभा नेता दीपक साहू और अन्य ने यहां वृक्षारोपण कर हसदेव की कटाई के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। हसदेव में कोयला खनन का विरोध कर रहे स्थानीय समुदायों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए छत्तीसगढ़ किसान सभा और आदिवासी एकता महासभा ने अंबिकापुर में एक बड़ा प्रदर्शन किया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने हसदेव का विनाश रोकने तथा सिलगेर के आदिवासियों की न्यायोचित मांग पूरी करने की मांग करते हुए विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण किया। यहां हुई सभा को छग किसान सभा के महासचिव ऋषि गुप्ता, आदिवासी एकता महासभा के बाल सिंह के साथ सुरेन्द्रलाल सिंह, रामलाल हसदा तथा सीपी शुक्ला आदि ने भी संबोधित किया तथा धरती के तापमान को कम करने की लड़ाई संपूर्ण मानवता की रक्षा की लड़ाई है और पर्यावरण और जैव.विविधता को नष्ट करने वाली नीतियों के खिलाफ व्यापक जनलामबंदी की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉरपोरेटों की तिजोरियों को भरने के लिए सुनियोजित तरीके से कोयला और बिजली का संकट खड़ा किया जा रहा है और हसदेव के विनाश की लीला रची जा रही है। छत्तीसगढ़ किसान सभा के आह्वान पर कोरबा के कई गांवों में एकजुटता प्रदर्शन किए गए। जिनका नेतृत्व जवाहर सिंह कंवर, प्रशांत झा, दामोदर श्याम आदि ने किया। उन्होंने हसदेव अरण्य क्षेत्र में सभी कोयला खनन परियोजनाओं को तत्काल रद्द करने तथा कोल बियरिंग एक्ट, 1957 के तहत ग्राम सभाओं से पूर्व सहमति लिए बिना की गई सभी



भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही तुरंत वापस लेने और सभी नए पुराने भूविस्थापितों को स्थायी रोजगार देने की मांग की। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर खनिज और प्राकृतिक संसाधन बहुत ही सीमित हैए इस पर मानव जाति की कई पीढ़ियों का हक है और इसलिए केवल कॉरपोरेट मुनाफे के लालच में इनका विनाश नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि पर्यावरण विनाश के साथ.साथ यह मामला स्थानीय समुदायों और आदिवासियों की जीविका और संस्कृति से भी सीधे-सीधे जुड़ता है और किसान सभा इसकी रक्षा के संघर्ष को आगे बढ़ाएगी। इधर दिल्ली में आयोजित भूमि अधिकार आंदोलन की बैठक में राजधानी रायपुर में हसदेव के मुद्दे पर जुलाई में जन संगठनों का एक बड़ा साझा सम्मेलन आयोजित करने का फैसला किया गया है। इस सम्मेलन के आयोजन की घोषणा पिछले दिनों संयुक्त किसान मोर्चा के नेता तथा अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव हन्नान मोल्ला ने फ्रेंड्स ऑफ हसदेव द्वारा आयोजित एक पत्रकार वार्ता में की थी।

# दीपिका से मिलकर 80 वर्षीय अम्मा के छलके आंसू कहा नोनी घर दिलवा दो

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

**हम बात कर रहे हैं सुकमा जिले के विकासखण्ड छिंदगढ़ के डोडपाल पंचायत के ग्राम तोंगरास की 80 वर्ष से ऊपर की उम्रदराज अम्मा वोयामी हिडमे पति हूंगा जिनके पति की मृत्यु हुए लगभग 15 वर्ष बीत चुके हैं इसका कोई भी पालन पोषण करने वाला नहीं है बेहद दयनीय अवस्था में ये अपने जीवन के बाकी के दिन गुजार रही हैं।**



एक बेहद टूटे फूटे ताड़ के पत्ते की चारदीवारी से घिरे हुए झोपड़े में रह कर हर आने वालों को एक आशा भरी निगाहों से देखती है व इनकी आंखे सवाल करती हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महती योजना पीएम आवास योजना का मापदंड क्या है और किन्हें इससे लाभ मिलना चाहिए क्या मैं अपने जीवन के इस पड़ाव में भी इस योजना से वंचित रह जाऊंगी। लगातार शासन के समक्ष सुकमा जिले की समस्याओं का ध्यानाकर्षण कराने हेतु ग्राम भ्रमण पर निकली भाजयूमो प्रदेश उपाध्याय अधिवक्ता दीपिका शोरी जब इन 80 वर्षीय अम्मा के घर पहुंची तो उनसे भी उन बूढ़ी अम्मा का वही सवाल था इनकी दयनीय हालत देखकर दीपिका की आंखे भी भर आई जब बूढ़ी अम्मा ने गोंडी भाषा में कहा कि नोनी एक घर दिलवा दो दीपिका ने कहा कि एक टूटी चारपाई, ताड़ के पत्तों की चारदीवारीएचंद बर्तन और तन पर फटे कपड़े और क्या मापड़ंड हो सकता है पीएम मोदी की महती योजना पीएम आवास की पात्रता रखने को इन बूढ़ी माता के इस हालात के जिम्मेदार वो सभी लोग हैं जो शासन प्रशासन के सिस्टम से पूरी तरह जुड़े हुए हैं फिर चाहे वो अधिकारी हों कर्मचारी हों या पंचायत से लेकर विधानसभा व लोकसभा के जनप्रतिनिधियों के अलावा राजनितिक पार्टियों का प्रतिनिधित्व करने वाले लोग एक आदिवासी बुजुर्ग महिला जो अपने जीवन के इस पढ़ाव में आने वाले बरसात के दिनों में उनकी क्या हालत होगी इनकी वर्तमान परिस्थिति को देख अंदाजा लगाया जा सकता है सबको अपनी जिम्मेदारी का अहसास होना चाहिए मैं स्वयं व्यक्तिगत रूप से कलेक्टर सुकमा से मिलकर इन बूढ़ी माता के हालात से अवगत करवाउंगी।



## पहले की झोपड़ी पिछले वर्ष बरसात में गिर गई नहीं मिला मुआवजा

कुदरत का भी कहर देखिए गत वर्ष बारिश के दौरान इनकी छोटी से झोपड़ी जिसमें वो रहती भी वो भी गिर गई इसके बाद पास के ही गांव कलमुंडा में रहने वाले इनके रिश्तेदारों नें इनकी यह झोपड़ी बना दी उसके बाद वो यहीं पर रह रही हैं। इस विषय पर हमने प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समंवयक सचिन से बात की तो उन्होंने पीएम आवास की प्रतीक्षा सूची देखने के बाद ही इस दिशा में कुछ करने की बात की।

# 14 जून को टाउन हाल में होगा, कांग्रेस का जिला स्तरीय नव संकल्प शिविर

जिले के सभी विधायक और अन्य कांग्रेस जन रहेंगे मौजूद

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



स्थानीय कांग्रेस भवन में नवसंकल्प शिविर एवं पदयात्रा का आयोजन हेतु डॉ.रश्मि चंद्राकर जिलाध्यक्ष के अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों की विशेष बैठक रखी गई। उदयपुर नव संकल्प शिविर के घोषणानुसार व प्रदेश स्तरीय संकल्प शिविर रायपुर में लिए गए निर्णय अनुसार प्रदेश के समस्त जिला कांग्रेस कमेटी में एक दिवसीय जिला स्तरीय नवसंकल्प शिविर का आयोजन किया जाना हैं। उसी श्रृंखला में महासमुंद जिला में 14 जून को स्थानीय टाउन हाल महासमुंद जिला स्तरीय नव संकल्प शिविर का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया है। नवसंकल्प शिविर एवं प्रस्तावित पदयात्रा की सफल आयोजन एवं संचालन हेतु जिला प्रभारी पदाधिकारी के संयोजकत्व में समिति का गठन किया गया है। उक्त संकल्प शिविर में प्रदेश स्तरीय नेता एवं पदाधिकारियों के साथ साथ स्थानीय चारों विधायक एवं जिला के समस्त पदाधिकारी नव संकल्प शिविर में अपनी सहभागिता देंगे। उक्त बैठक में कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल,ग्रामीण अध्यक्ष खिलावन साहू,प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा,सोमेश दवे,गुरमीत चावला,गौरव चंद्राकर,राजू साहू,लक्ष्मी देवांगन,कविता तिवारी प्रदेश सचिव सेवादल,ब्रिजेन बंजारे सरपंच, ममता चंद्राकर,अन्नू चंद्राकर,तिरिथ कुमारी,एल्डरमैन सुनील चंद्राकर,तुलसी साहू,हर्षित चंद्राकर,बसंत चंद्राकर, दारा साहू,विजय चंद्राकर,हेमंत डडसेना,आलोक नायक, वरिष्ठ कांग्रेसी दीपक सिन्हा नितेंद्र बैनर्जी,आरती महंती इन सभी ने बैठक संबंधित अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

# चिरिमिरी शहर में हुआ मॉडलिंग शो, प्रिंसी तिवारी ने टीन ग्रुप में जीता खिताब

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

नगर निगम चिरिमिरी में इन दिनों डांस, मॉडलिंग शो का कार्यक्रम होता रहता है। जिसमे की सैकड़ों बच्चे बच्चियां अपनी अपनी प्रतिभा को निखारते व कला का प्रदर्शन करते हैं। बता दें कि बीते दिन रविवार की शाम से मॉडलिंग शो की शुरुआत जीएम काम्प्लेक्स के फुटबाल ग्राउंड में आयोजित हुआ जिसमें की दूर दूर आये हुए सैकड़ों बच्चे, बच्चियों ने हिस्सा लिया। मॉडलिंग शो देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।उन सभी के बीच क्षेत्र के विधायक डॉ विनय जायसवाल की उपस्थिति गरिमामयी रही। जिसे देखकर सभी बच्चे बच्चियों के हौसले बुलंद रहे। यह डांस, मॉडलिंग शो




के मार्गदर्शनक राकेश सिंह;एच आरद्धरहे है। जो कि हमेशा चिरिमिरी का नाम रोशन करते रहते हैं। चिरमिरी के इतिहास में भव्य मॉडलिंग एवं डांस का नेशनल लेवल का आयोजन का कार्यक्रम करवाते रहते हैं। जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक विनय जायसवाल, चिरमिरी की प्रथम नागरिक महापौर कंचन जयसवाल रही। चिरिमिरी के समाज सेवी चंदन गुप्ता ने भी बढ़-चढ़कर अपना योगदान समर्पित किया। यह कार्यक्रम 3 तारीख से चालू किया गया तानसेन भवन में ट्रेनिंग समाप्ति के बाद 5 जून रविवार को शाम 6:30 बजे से जीएम कॉम्प्लेक्स फुटबॉल ग्राउंड में समापन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी प्रतिभागी अपने प्रतिभा का जलवा का हुनर प्रस्तुति सभी बच्चों, बच्चियों के द्वारा किया गया। जिसमे की टीन ग्रुप की विजेता प्रिंसी तिवारी, क्वीन ग्रुप में इशिता खनूजा, किड्स ग्रुप की विजेता आरोही शर्मा रही है। एचआर इवेंट एवं युवा साथियों द्वारा कराए जा रहे इस भव्य आयोजन से कहीं ना कहीं चिरमिरी का नाम छत्तीसगढ़ में ही नहीं बल्कि एक न एक दिन पूरे भारत में गौरवान्वित होगा।

## एक नजर

### थाना साजा परिसर में एसडीओपी बेरला एवं थाना स्टाफ ने किया वृक्षारोपण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल के मार्गदर्शन में एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल एवं थाना साजा प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह भारद्धाज एवं थाना स्टाफ के द्वारा 05 जून 2022 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर थाना साजा परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण जैसे पुनित कर्तव्यों का निर्वहन किये। पुण्यकार्यो में सबसे श्रेष्ठ कार्य पौधा रोपण ही है। उक्त वृक्षारोपण के दौरान प्रधान आरक्षक सुखेलाल, येमन बघेल, आरक्षक जयकिशन साहू, इंदरमन निषाद, दिनेश नेताम एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

### शिक्षक दिनेश पाण्डेय अक्षय शिक्षा मित्र अलंकरण से सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




पर्यावरण दिवस पर होटल अंश रायगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय अक्षय शिक्षा अलंकरण समारोह 2022 में छत्तीसगढ़ के 29 जिलों के शासकीय विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को अक्षय अलंकरण से सम्मानित किया गया। जिसमें अक्षय शिक्षण समिति रायगढ़ के पदाधिकारियों,शिक्षाविद व संतों के कर कमलों से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ओछिनापारा रतनपुर, विकासखंड कोटा में पदस्थ शिक्षक दिनेश पांडेय को अक्षय शिक्षामित्र अलंकरण से नवाजते हुए शाल अलंकरण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इनको यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित सेवा एवं उत्कृष्ट कर्तव्य निर्वहन के माध्यम से विद्यालय, विद्यार्थी एवं समाज के सर्वांगीण विकास हेतु विशिष्ट दक्षता का परिचय देते हुए राष्ट्र निर्माण की दिशा में अनुकरणीय योगदान के साथ शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव प्रयोग नवाचार एवं प्रेरक कार्यों के लिए दिया गया। ज्ञात हो कि इससे पहले भी उनको उत्कृष्ट कार्यों के लिए अनेक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। शिक्षक दिनेश पांडेय ने बताया कि जितना बड़ा सम्मान मिलता है उतना ही और अधिक कार्य करने का उत्साह बढ़ जाता है। इनको राज्य स्तरीय अक्षय शिक्षामित्र अलंकरण मिलने पर शिक्षा अधिकारियों एशिक्षकों एवं नगर वासियों ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया क्या है।

### बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने एवं स्पोकन इंग्लिश को मजबूती प्रदान करने निःशुल्क स्पोकन इंग्लिश समर क्लास का आयोजन

जोहार छत्तीससगढ़-कोरिया।



अंचल के बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने एवं स्पोकन इंग्लिश को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से निशुल्क स्पोकन इंग्लिश समर क्लास का आयोजन चिरमिरी के डोमनहिल वार्ड क्रमांक 35 शिशु शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल में 07 जून 2022 से प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक किया जा रहा है।

संचालनकर्ता संजय चौहान ने उक्त समर क्लास के संबंध में बतलाते हुए कहा कि प्राचार्य आरपी चौहान शिक्षक आरएन शर्मा एवं गणमान्य नागरिक मोहन बंजारे के सहयोग के फल स्वरूप यह क्लास प्रारंभ होने जा रहा है उन्होंने आगे कहा चुकि क्लास पूर्णतः निशुल्क है इसलिए क्षेत्र के समस्त अभिभावकों से अपील की जाती है कि वे अपने बच्चों के समग्र विकास एवं स्पोकन इंग्लिश को मजबूत करने हेतु ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों को क्लास में उपस्थिति हेतु भेजें ताकि बच्चे गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग कर सकें व हमारे गुणवत्तापूर्ण क्लास से हमारे क्षेत्र की अधिकांश बच्चे लाभान्वित हो सकें जिससे हमारे उक्त स्पोकन इंग्लिश समर क्लास की उद्देश्य की पूर्ति हो।

# कोसा उत्पादन के लिए रोपे जाएंगे 4.51 लाख अर्जुना के पौधे

**कोरबा** । जिले में संचालित 48 तसर केंद्रों में रोजगार गांरटी से इस वर्ष 110 लाख हेक्टेयर में 4.51 लाख अर्जुना पौधों की रोपणी की जाएगी। जिला रेशम विभाग को 1ण्49 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। जुलाई माह से शुरू होने वाली प्रथम चक्र में 20 लाख अतिरिक्त नए पेड़ों से कोसा फल का उत्पादन होगा। इससे न केवल कोसा व्यवसाय सुदृढ़ होगा बल्कि बुनकरों में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

वर्तमान में 48 तसर केंद्रों के 1256 हेक्टेयर भूमि में कोसा उत्पादन हो रहा है। वर्ष भर के भीतर होने वाली तीन फसल चक्र से इस बार 1.40 करोड़ कोसा फल उत्पादन का लक्?य रखा गया है। पहली फसल चक्र समय जुलाई से सितंबर माह तक होता है। यह फसल उत्पादन का प्राथमिक चरण है। इस चक्र में 40 लाख फल उत्पादन का अनुमान लगाया जा रहा है। बारिश का समय होने से इस चक्र में कीट के जमीन पर गिरने की आशंका बनी रहती है। दूसरा फसल सितंबर से नवंबर माह तक होता है।

# सरपंच संघ के अध्यक्ष सहित सात जुआरी गुल खेलते पकड़ाये

पुलिस ने दो गुल गोटी और एक लाख से अधिक की रकम बरामद की

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



जिले के थाना और चौकी प्रभारियो द्वारा अवैध जुआ सट्टा पर अंकुश लगाने की जा रही धरपकड़ की कार्यवाही में कल 5 जून को पिथौरा पुलिस द्वारा मुखबिर से मिली सुचना के आधार पर नगर के शीतल बिहार कॉलोनी के बाजू में निर्माणाधीन मकान के भीतर सात लोगों को गुल की गोटी से हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से दो नग गुल गोटी सहित एक लाख उन्नीस हजार रुपये नगद मौके पर बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपियों में सरपंच संघ के अध्यक्ष विद्या पटेल सहित सतपाल सिंह पिता हरबंश सिंह 33 वार्ड नंबर 14 बागड़ पारा पिथौरा, कुलदीप सिंह पिता गुरुचरण सिंह 40 वार्ड नंबर 15 पिथौरा, कमलेश डडसेना पिता दिनाराम डडसेना 30, वार्ड नंबर 2 पिथौरा, गोपाल शर्मा पिता जीवन शर्मा 47, वार्ड नंबर 11 पिथौरा, राजेंद्र साहू पिता लालू साहू 28, वार्ड नंबर 14 लाखागढ़ पिथौरा तथा उत्तम वासुदेव पिता स्वर्गीय आनंद वासुदेव 33, वार्ड नंबर 13 इंदिरा कॉलोनी पिथौरा शामिल हैं। आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 116/2022 में जुआ एक्ट की धारा 13 के अंतर्गत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। पूरी कार्यवाही में थाना स्टाफ के साथ साइबर सेल का भी योगदान शामिल रहा।

# 206 रेट्रोफिटिंग, 154 एकल ग्राम योजना हेतु 229.46 करोड़ के कार्यादेश जारी

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कलेक्टोरेट परिसर में सवेरे कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। समिति के सदस्य सचिव एवं पीएचई के कार्यपालन अभियंता ने समिति को अवगत कराया है कि जिले को वर्ष 2021-22 के लिए 85977 एवं वर्ष 2022-23 के लिए 69666 कुल 155643 परिवारो को घरेलू नलजल कनेक्शन प्रदाय करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमे 209 रेट्रेफिटिंग योजना एवं 479 एकल ग्राम योजना से पूर्ण किया जाना है। 29 मार्च 2022 के पश्चात् प्राप्त 16 योजनाओं की लागत 2106.22 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। अभी तक 209 रेट्रोफिटिंग योजना के अंतर्गत 44515 एफएचटीसी एवं 479 एकल ग्राम योजना के अंतर्गत 106739 एफएचटीसी की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त की जा चुकी है। प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं में से 209 रेट्रोफिटिंग योजना एवं 356 एकल ग्राम योजना की निविदा जारी की गई। तथा अभी तक 503 निविदाओं के ग्राम 206 रेट्रोफिटिंग योजना 154 एकल ग्राम योजना में कुल 76512 एफ एचटीसी हेतु राशि 229.46 करोड़ के कार्यादेश जारी किये गये शेष निविदा प्रक्रियाधीन है। 29 मार्च 2022 के पश्चात् प्राप्त एकल ग्राम योजना के कुल 16 योजनाओं की लागत 2106.22 लाख की प्रशासकीय स्वीकृत का अनुमोदन हेतु समिति को अवगत कराया गया। सदस्य सचिव द्वारा 01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक एवं 01 अप्रैल 2022 से 03 जून 2022 तक की गई विभिन्न मदों में व्यय की जानकारी से समिति को अवगत कराया गया।

कुल 116 निविदाओं के दर प्राप्त किये गये। जिसे समिति मे स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की गई। मेसर्स गुडविल इंटरप्राईजेस रायपुर अनुबंध क्रमांक 20 डीएल 2021-22 रेट्रोफि टिंग कार्य ग्राम टेमरी, विकासखण्ड नवागढ़ 05 फरवरी 2022 से 06 जुलाई 2022 तक कुल 120 दिन के लिए अधिभार शासित करते हुये समय वृध्दि स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की गयी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा विकासखण्ड बेरला एवं नवागढ़ में रनिंग वाटर के तहत् कराये गये कार्यो के लिए शीघ्र राशि जारी करने हेतु समिति को अवगत कराया गया। जल जीवन मिशन योजना के तहत् मांग संख्या 20 में मांग संख्या 64 को जोड़ने हेतु 26 ग्रामों की सूची प्रस्तुत की गयी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ लीना कमलेश मण्डावी, कार्यपालन अभियंता पीएचई आशालता गुप्ता, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन सीएस शिवहरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी बीडी पटेल, उप संचालक कृषि एमडी मानकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के आर सोनवानी, अनुविभागीय अधिकारी पीएचई विप्लव घृतलहरे एवं एआर ध्रुव, डीईओ के प्रतिनिधि सुनील तिवारी उपस्थित थे।

# चौबीस वर्षो से चौबीस गांव में चौबीस सौ से अधिक पौधे लगाकर दे रहे पर्यावरण संरक्षण का संदेश

वेतन का दस प्रतिशत राशि वृक्षारोपण में खर्च कर देता है स्वास्थ्य कर्मी

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



कहते है अगर कोई चीज का जुनून हो तो आदमी कुछ नही सोचता बस उसी के धुन में लगा होता पर्यावरण संरक्षण को लेकर ऐसा ही कुछ जुनून देखने को मिला है सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ स्वास्थ्य कर्मी आरसी वर्मा के पास पर्यावरण को लेकर जुनून ऐसा कि मप्र के विभाजन के समय भी छग में अपनी सेवा देने के निर्णय लेने वाले पर्यावरण प्रेमी वर्मा को देवभोग के खुटगांव में स्वास्थ्य संयोजक के पद पर चौबीस बरस हो गये और इन चौबीस बरस के सेवा मे चौबीस गांव में चौबीस सौ से अधिक पौधे लगाकर एक पर्यावरण प्रेमी के रूप में ख्याति अर्जित की है।

## किन चौबीस गांवो में किया वृक्षारोपण

पर्यावरण प्रेमी आरसी वर्मा ने अपने चौबीस साल के नौकरी में देवभोग,खुटगांव, करचिया माहुलकोट एकदलीमुडा, चिचिया बरबहली, उरमाल, गोहरापदर, अमलीपदर, भतराबहली, सिसलीजोर,फ लसापारा, मगररोडा,धौंराकोट, सीनापाली सहित चौबीस गांव में चौबीस सौ से अधिक पौधे रोपे है। उनके द्वारा लगाये गये पौधों में 1 हजार आंवलो के 2सौ कटहल,बरगद 32, पीपल 04,आम के 06नीम के 02, गुलमोहर के 2, अशोक के 09,कनेर के 2 काजू के 6और अमरूद के 8 सहित जन्माष्टमी के दिन के विभिन्न पौधे गांव-गांव उनके पर्यावरण प्रेमी के उदाहरण है।

## चाचा के दशगात्र में पैतृक गांव में लगाया पौधा

अपने गांव मप्र के भिण्ड जिले के मेघपुरा गांव में चाचा के देहावसान के बाद दशगात्र में उनके स्मृति में बरगद और आम के पौधे लगाकर वहां अपने रिश्तेदारो और गांव के लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलायी।उनके पर्यावरण प्रेम के बारे गरियाबंद के स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारीयों को भी पता है और गरियाबंद सीएच एमओएन आर नवरत्ने भी वृक्षारोपण की तारीफ करते है।

## वेतन के दश प्रतिशत राशि वृक्षारोपण जीवनभर खर्च करने का लक्ष्य

स्वास्थ्य विभाग में पहले 23 वर्षो तक स्वास्थ्य संयोजक और पिछले एक साल से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सुपरवाइजर के पद पर कार्य करने वाले आर सी वर्मा कहते है उन्होंने वृक्षारोपण को लक्ष्य बना लिया है और उन्हे इस बात की खुशी है कि उनके वेतन के दश प्रतिशत राशि पर्यावरण संरक्षण में खर्च होता है। इतना ही नहीं ये देवालय, और शिवालयों में अपने खर्चे से त्रिशूल भी लगाया है। उनके पर्यावरण प्रेम और धर्म के प्रति आस्था को लेकर गांव के लोग भी उन्हे सम्मान करते है।

## केके की आवाज में टेलीपोर्ट करने की शक्ति थी:अभिमन्यु दसानी



पार्श्व गायक केके के असामयिक निधन के बाद दुनिया ने उन्हें अलविदा कह दिया, बॉलीवुड अभिनेता अभिमन्यु दसानी ने अपने जीवन में गायक के महत्व के बारे में बात की और बताया कि कैसे केके में एक श्रोता को एक अलग दुनिया में टेलीपोर्ट करने की शक्ति थी। गायक और अपने शिल्प के लिए अपनी भावनाओं को साझा करते हुए, अभिमन्यु, जो अपनी आगामी फिल्म निकम्मा की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, ने कहा, कुछ दिनों पहले ही हम यारों-रॉकफोर्ड के बारे में बात कर रहे थे, यारों गाना दोस्ती के बारे में सबसे भावपूर्ण गीतों में से एक है जिसे मैं याद कर सकता हूं। केके के गायन की शक्ति के बारे में बताते हुए उन्होंने आगे कहा, केके सर की आवाज के कारण आप इसे (ट्रैक) एक कालातीत क्लासिक भी कह सकते हैं, जो आपको उन सभी भावनाओं के साथ उस दुनिया में ले जा सकता है।

## अभिनेत्री कावेरी प्रियम वेब स्पेस के लिए करना चाहती हैं काम

टेलीविजन सीरियल शक्ति अस्तित्व के एहसास की की अभिनेत्री कावेरी प्रियम, जिन्होंने विभिन्न टीवी शो में कई भूमिकाएं निभा के फैंस के दिलों में एक अलग जगह बनाई है।



अब अभिनेत्री डिजिटल स्पेस की ओर जाना चाहती हैं। कावेरी कहती हैं, बेशक मैं वेब स्पेस में काम करना चाहती हूं क्योंकि मुझे आकर्षित करती हैं।

मुझे पता है कि उस माध्यम का कच्चा कारक बहुत सारे अभिनेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की अनुमति देता है। वेब स्पेस में तलाशने के लिए बहुत कुछ है, यहां तक कि फिल्में अब केवल बड़े पर्दे तक ही सीमित नहीं हैं। वह आगे कहती हैं, मैं हर तरह की भूमिकाएं, सभी शैलियों और सभी रंगों को निभाना चाहती हूं। मैं कुछ खास नहीं करना चाहती हूं, मैं एक अभिनेता के रूप में सब कुछ करने की कोशिश करना चाहती हूं। मैं खुद को किसी विशेष चीज तक सीमित नहीं रखना चाहती।

## शॉर्ट लाइम ड्रेस में मालविका मोहनन लगीं गॉर्जियस, तस्वीरें वायरल

साउथ इंडस्ट्री में कम समय में अपना लोहा मनवाने वाली एक्ट्रेस मालविका मोहनन अपने सिजलिंग और बोल्ड लुक के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस आए दिन अपने इंस्टाग्राम पर लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोज शेयर करती रहती है, जिसमें उनकी अदाओं से लोग कायल रहते है।

एक्ट्रेस की तस्वीरें जमकर वायरल भी होती रहती हैं और फैंस उनकी अदाओं पर कमेंट्स करते नहीं थकते हैं। अब मालविका ने एक बार फिर सोशल मीडिया अपनी फोटोज से जलवा बिखेरा है। फोटोज में एक्ट्रेस ने शॉर्ट लाइम ड्रेस पहनी हुई है और बिखरे बालों के साथ पोज दे रही हैं। मालविका की स्टनिंग पोज दे रही हैं और फैंस का दिल लूट रही हैं।

एक्ट्रेस ने फोटोज को शेयर करने के साथ ही लिखा, 'बीती रात की बात है'। मालविका ने साउथ में अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'कोहिनूर' से की थी। इसमें उनकी एक्टिंग को काफी पसंद किया गया। वर्कफ्रंट की बात करें तो मालविका बॉलीवुड फिल्म 'युद्रा' में काम कर रही हैं।



## कहीं पपीते का सेवन ना बिगाड़ दे आपकी सेहत, यहां जानें अती के दुष्परिणाम

पपीते में मौजूद पोषक तत्व उसे सेहत के लिए गुणकारी बनाते हैं। पपीते का सेवन पाचन को दुरुस्त करने के साथ ही शरीर को स्वस्थ बनाता हैं। लेकिन कहते हैं ना कि किसी भी चीज की अती खराब ही होती हैं। ऐसा ही कुछ पपीते के साथ भी हैं जिसका अधिक सेवन आपकी सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता हैं। जी हां, पपीते का अधिक सेवन आपको कई तरीकों से नुकसान पहुंचा सकता हैं। आज इस कड़ी में हम आपको पपीते के अधिक सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देने जा रहे हैं। तो आइये जानते हैं इनके बारे में...



**हार्ट बीट कर सकता है धीमा**- दिल से जुड़ी बीमारियों से ग्रसित लोगों को पपीते के अधिक सेवन से बचना चाहिए। अधिक पपीते के सेवन से आपके दिल की धड़कनों की दर अनिश्चित रूप से कम होती है। इसके साथ ही यह दिल से जुड़ी परेशानियों को बढ़ा सकती हैं। ऐसे में अगर आपको हृदय से जुड़ी कोई परेशानी हैं, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**लो ब्लड शुगर**- हाई ब्लड शुगर रोगियों के लिए पपीता का सेवन फायदेमंद हो सकता है। लेकिन लो ब्लड शुगर रोगियों के लिए पपीता का अधिक सेवन नुकसानदेय माना जाता है। वहीं, अगर आप ब्लड शुगर की दवा ले रहे हैं, तो डॉक्टर से पूछ कर ही पपीता का सेवन करें।

**स्किन के लिए है हानिकारक**- पपीता स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। इसमें पपैन नामक एंजाइम मौजूद होता है, जिसका अधिकतर इस्तेमाल स्किन केयर क्रीम को बनाने के लिए किया जाता है। लेकिन यह एंजाइम सभी टाइप के स्किन के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। ऐसे में अगर किसी को इस एंजाइम से एलर्जी है, तो उनके स्किन पर रैशेज और जलन की शिकायत हो सकती है। इसलिए पपीता का सेवन सीमित मात्रा में ही करना आपके स्किन के लिए बेहतर होता है।

### बढ़ा सकती है रेस्पिरेटरी एलर्जी

पपीता में मौजूद पपैन नामक एंजाइम एक शक्तिशाली एलर्जीन है। अगर आपको किसी तरह की श्वास संबंधी समस्या है। उदाहरण के लिए अस्थमा, एलर्जी तो इसका सेवन सावधानी पूर्वक करें।

## गर्मियों का सबसे पसंदीदा फल है लीची, सेवन से होते हैं ये कमाल के फायदे

लीची गर्मियों का सबसे पसंदीदा फल है। स्वाद और फ्लेवर ही नहीं लीची में आपको सेहत का खजाना भी मिलता है। गर्मियों में आने वाले ज्यादातर फलों में पानी की मात्रा अच्छी होती है। ठीक इसी तरह लीची में भी पानी की भरपूर मात्रा होती है। यह विटामिन सी, विटामिन बी6, नियासिन, राइबोफ्लेविन, फोलेट, तांबा, पोटेशियम, फास्फोरस, मैग्निशियम और मैगनीज जैसे खनिज पाए जाते हैं, यह शरीर और पेट को ठंडक देती है। पाचन क्रिया सही रखने के साथ ही मस्तिष्क के विकास में भी इसकी बड़ी भूमिका है। लीची में विटामिन-सी भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। प्रति 100 ग्राम



लीची में विटामिन-सी की मात्रा 71.5 मिलीग्राम होती है, जो प्रतिदिन की आवश्यकता का 119 प्रतिशत है । तो चलिए आइए विस्तार से जानते है लीची के फायदों के बारे में...

**पाचन के लिए फायदेमंद**

लीची में मौजूद विटामिन लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण और पाचन-प्रक्रिया के लिए जरूरी है। लीची के रस में पेक्टिन और फाइबर होता है। यह आपकी आंत को साफ करने और पेट के स्वास्थ्य में सुधार करता है। इसके अलावा, यह एसिडिटी और हार्टबर्न के खिलाफ भी काम करता है।

### गले की खराश

गले में खराश या दर्द हो तो आप एक लीची खा सकते है। दरअसल, गले की शराश को कम करने में भी लीची बहुत फायदेमंद है।

**ग्लोइंग त्वचा के लिए**

लीची के जूस में पॉलीफेनोल, ऑलिगोनोल्स, बीटा-कैरोटीन, विटामिन सी और अन्य एंटीऑक्सिडेंट जैसे जैव-रासायनिक पदार्थों की प्रचुर मात्रा होती है। ये सभी एंटी-ऑक्सीडेंट डार्क सर्कल्स और पिंपल्स को दूर करने में सहायक होते हैं। इतना ही नहीं यह आपकी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को भी धीमा करने में सहायक होते है। आप अपनी त्वचा पर लीची के और केले का फेस मास्क बनाकर, इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं, यह मुहासों को ठीक करने में सहायक है।

**सेहत का खजाना**

लीची को बतौर फल ही नहीं खाया जाता, इसका जूस और शेक भी बहुत पसंद किया जाता है। जैम, जैली, मार्मलेड, सलाद और व्यंजनों की गार्निशिंग के लिए भी लीची का इस्तेमाल किया जाता है।

# खेल

नडाल ने जीता 22वां ग्रैंड स्लैम खिताब

## फ्रेंच ओपन के फाइनल में कैस्पर रूड को सीधे सेटों में हराकर सबसे उम्रदराज चैंपियन बने

**पेरिस।** स्पेन के टेनिस स्टार राफेल नडाल ने करियर का 22वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया है। रविवार को फ्रेंच ओपन में मेंस सिंगल्स के फाइनल में उन्होंने नॉर्वे के कैस्पर रूड को सीधे सेटों में 6-3, 6-3, 6-0 से हरा दिया। यह मैच 2 घंटा 18 मिनट तक चला। इसी के साथ नडाल ने 14वीं बार फ्रेंच ओपन खिताब जीता है। 36 साल के नडाल सबसे उम्रदराज फ्रेंच ओपन चैंपियन बने हैं। फाइनल में नडाल से हारने वाले रूड उनके शिष्य भी रहे हैं। वे 2018 से नडाल की एकेडमी में ट्रेनिंग ले रहे हैं।



नडाल 14वीं बार फ्रेंच ओपन का फाइनल खेलने उतरे थे। उन्होंने रोलैंड गैरोस की लाल बजरी पर कोई भी फाइनल मुकाबला न हारने का सिलसिला जारी रखा है। वे 2005 में यहां पहली बार चैंपियन बने थे। 2008 तक वे यहां लगातार चार बार चैंपियन बने। 2009 में उन्हें चौथे राउंड में हार झेलनी पड़ी थी। इसके बाद उन्होंने 2010 से 2014 तक लगातार पांच बार यहां खिताब जीता।

2015 में उन्हें क्वार्टर फाइनल में हार झेलनी पड़ी। 2016 में चोटिल होने के कारण उन्होंने तीसरे राउंड के मुकाबले से नाम वापस ले लिया था। 2017 से 2020 तक नडाल यहां फिर लगातार चार बार चैंपियन बने। पिछले साल (2021 में) उन्हें सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से हार झेलनी पड़ी थी।

### फेडरर और जोकोविच पर बनाई दो ग्रैंड स्लैम की बढ़त

नडाल दुनिया में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम सिंगल्स खिताब जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी हैं। 22वां खिताब जीतकर उन्होंने अपने सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वियों स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर और सर्बिया के नोवाक जोकोविच के ऊपर दो खिताब की बढ़त बना ली है। फेडरर और जोकोविच के नाम 20-20 ग्रैंड स्लैम खिताब हैं।

## पुरानी गेंद के साथ खेलना इंग्लैंड के लिए फायदेमंद : हुसैन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन और माइकल एथरटन का मानना है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम को पहले टेस्ट के चौथे दिन गेंद से थोड़ा फायदा मिलेगा। इंग्लैंड ने तीसरे दिन पांच विकेट के नुकसान पर 216 रन बनाए। टीम को जीत के लिए लॉर्डस में चौथे दिन सिर्फ 61 रन की जरूरत है।



हुसैन ने कहा, जो रूट (नाबाद 77 रन) और विकेटकीपर बेन फॉक्स (नाबाद 9 रन) के बीच 57 रनों की अटूट साझेदारी हुई, जिसमें इंग्लैंड 216 रनों पर हैं। टीम को जीत के लिए मात्र 61 रन की जरूरत है। लॉर्डस टेस्ट में यह देखा गया है कि जैसे-जैसे गेंद पुरानी और नरम होती जाती है, यह बल्लेबाजों को बहुत फायदा पहुंचाती है। हुसैन ने कहा, रूट के लिए जितनी पुरानी गेंद होती है, उसे हिट करने में उन्हें उतना ही मजा आता है। नई गेंद पर थोड़ी मुश्किलें पैदा होती हैं। मुझे लगता है कि रूट अपने क्रिकेट को अच्छे से खेल रहे हैं और टीम में अपना योगदान दे रहे हैं।

टीम में किसी भी बल्लेबाज के आउट होने के बाद मैट पॉट्स, स्टुअर्ट ब्रॉड, जेम्स एंडरसन, मैथ्यू पार्कि सन लाइन में रहेंगे। मुझे लगता है कि इंग्लैंड यह मैच आसानी से जीत लेगी। न्यूजीलैंड इस सोच के साथ क्रीज पर उतरेगी कि गेंदबाज जितनी जल्दी उसे विकेट दिलाए, उतनी जल्दी वह मैच को काबू में ला सकें।

### एक नजर

## हम अभी 10 विकेट लेने के लिए तैयार : डेरिल मिशेल

**लंदन ।** न्यूजीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी डेरिल मिशेल ने इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्डस में पहले टेस्ट के चौथे दिन जीत हासिल करने के लिए अपनी टीम का समर्थन किया है। तीसरे दिन, मिशेल ने 108 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे थे और इंग्लैंड के लिए 277 रन का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए टॉम ब्लंडेल (96) के साथ 195 रन की शानदार साझेदारी की थी।

हालांकि, इंग्लैंड को तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त लेने के लिए सिर्फ 61 रनों की जरूरत है और जो रूट 77 रन बनाकर क्रीज पर टिके हुए हैं। मिशेल को विश्वास है कि न्यूजीलैंड एक करीबी जीत दर्ज करेगा, क्योंकि रविवार की सुबह का सत्र मेजबानों के लिए कठिन होगा। मिशेल ने कहा, हम अभी भी 10 विकेट लेने के लिए तैयार हैं और मुझे पता है कि हम (रविवार की सुबह) उन पर दबाव बनाने के लिए शानदार गेंदबाजी करेंगे। मुझे लगता है कि हम इस विकेट को समझ सकते हैं कि सुबह बल्लेबाजी करने का सबसे कठिन समय होता है। उम्मीद है कि हम (रविवार की सुबह) दिखा सकते हैं और यह पिछले तीन दिनों की तरह पिच पर स्विंग मिल रही है।

हालांकि न्यूजीलैंड ने पहले दिन इंग्लैंड के सात विकेट लिए थे, लेकिन उन्हें बाकी के पांच विकेट जल्दी लेने होंगे, क्योंकि दूसरी नई गेंद 15 ओवर देरी से आएगी।

उन्होंने कहा, चौथा दिन टेस्ट क्रिकेट का एक और महान दिन है। मुझे लगता है कि इसलिए हम सभी को यह खेल पसंद है। यह अच्छा है कि (रविवार की सुबह) हम दोनों टीमों के पास मैच जीतने का शानदार मौका होगा।

मिशेल ने कहा, खेल के चलते विकेट धीमा हो गया है और आप शायद स्कोर की प्रकृति से देख रहे हैं कि बल्लेबाजी करना आसान हो रहा है, लेकिन हम जानते हैं कि हम इस मैच में वापसी करने से सिर्फ एक विकेट दूर हैं।

## श्रीसंत को थप्पड़ मारने की घटना से शर्मिंदा हूं : हरभजन

**नई दिल्ली ।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के उद्घाटन सीजन के दौरान हुई थप्पड़ घटना के लिए एस. श्रीसंत से माफी मांगी है।

हरभजन तब कप्तान सचिन तेंदुलकर की अनुपस्थिति में किंग्स इलेवन पंजाब (पंजाब किंग्स) के खिलाफ मैच में मुंबई इंडियंस का नेतृत्व कर रहे थे। हरभजन द्वारा थप्पड़ मारे जाने के बाद भावुक श्रीसंत की तस्वीरें देखकर इस घटना को लाइव देखने वाले लोग हैरान रह गए। शनिवार को हरभजन और श्रीसंत के साथ ग्लांस लाइव फेस्ट में विक्रम साठे के साथ एक वीडियो चैट में शामिल हुए और खुलासा किया कि वह इस घटना के बारे में कितना शर्मिंदा महसूस कर रहे थे।

उन्होंने आगे कहा, जो हुआ वह गलत था। मैंने गलती की। मेरी वजह से मेरी टीम के साथी को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। मैं शर्मिंदा था। अगर मुझे एक गलती सुधारनी पड़ी, तो मैंने मैदान पर श्रीसंत के साथ ऐसा व्यवहार किया। ऐसा नहीं होना चाहिए था। जब मैं इसके बारे में सोचता हूं तो मुझे लगता है कि इसकी कोई जरूरत नहीं थी।

मेसी का मैजिकल गेम

## करियर में दूसरी बार एक मैच में 5 गोल दागे, अर्जेंटीना ने एस्टोनिया को 5-0 से हराया

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना ने लियोनेल मेसी की कप्तानी में एस्टोनिया को फ्रेंडली मैच में 5-0 से हरा दिया। इस मैच में सारे गोल मेसी ने किए। मेसी ने अपने करियर में दूसरी बार एक मैच में 5 गोल किए हैं। इससे पहले उन्होंने 2012 में चैंपियंस लीग क्वार्टरफाइनल में जर्मन क्लब बेयर लेवरकुसेन के खिलाफ 5 गोल किए थे। यह पहला मौका था, जब किसी खिलाड़ी ने चैंपियंस लीग में 5 गोल किए थे।




मैच का पहला गोल एक पेनल्टी के जरिए आया। 8वें मिनट में लिए गए इस पेनल्टी को गोल में तब्दील करने में मेसी ने कोई गलती नहीं की। उसके बाद उन्होंने 4 गोल और किए। हाफ टाइम से पहले उन्होंने टीम की बढ़त को दुगुनी की। हाफ टाइम के खेल शुरू होने के तुरंत बाद उन्होंने एक गोल दाग कर स्कोर को 3-0 कर दिया। उसके मैच में 71वें और 74वें मिनट में गोल दाग कर टीम को 5-0 से जीत दिलाई।

मेसी की यह 56वीं हैट्रिक है। फुटबॉल इतिहास में सबसे हैट्रिक दागने वाले खिलाड़ियों की सूची में वह तीसरे स्थान पर हैं। दूसरे पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो (60) और पहले स्थान पर पेले (92) हैं। इस्टोनिया 30वां देश है, जिसके खिलाफ मेसी ने गोल किए। मेसी ने अपने करियर में हर टीम के खिलाफ गोल दागे हैं।

## अफगानिस्तान ने पहले एकदिवसीय में जिंबाब्वे को 60 रन से हराया

**हरारे ।** रहमत शाह के 94 रन और मोहम्मद नबी के चार विकेट की बदौलत अफगानिस्तान ने यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मेजबान जिंबाब्वे को 60 रन से हरा दिया।

अफगानिस्तान ने 2014 से जिंबाब्वे के खिलाफ पांच एकदिवसीय श्रृंखलाएं खेली हैं और इसमें से एक भी उसने नहीं गंवाई। मेहमान टीम ने शनिवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में एक बार फिर खुद को प्रबल दावेदार साबित किया।



अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 276 रन बनाए और फिर मेजबान टीम को 216 रन पर ढेर कर दिया। शाह और कप्तान हशमातुल्लाह शाहिदी ने सतर्क शुरुआत के बाद आकर्षक शॉट खेले। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 181 रन जोड़े और इस दौरान अर्धशतक भी जड़े। शाह ने 120 गेंद की अपनी पारी के दौरान तेज गेंदबाजों और स्पिनरों का अच्छी तरह सामना किया और इस दौरान सात चौके और तीन छक्के मारे। उन्हें मैन आफ द मैच चुना गया।

शाह और शाहिदी दोनों को तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी ने पवेलियन भेजा जिन्होंने 52 रन देकर चार विकेट चटकाए। इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जाइंट्स की ओर से नेट गेंदबाज के रूप में भूमिका निभाने के बाद उनकी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी हुई है।

# पीड़िता और गवाह का बयान बिना दर्ज किए ही पुलिस ने कर दिया चालान पेश

दो दिन पहले ही दुष्कर्म के मामले में चालान पेश करने और एएसआई द्वारा चालान जल्द पेश करने के मामले में घूस लेते हुए वीडियो आया था सामने

**बिलासपुर ।** सकरी पुलिस ने दुष्कर्म पीड़िता और गवाह का बयान दर्ज नहीं किया है और आधा—अधूरा चालान बनाकर कोर्ट में पेश कर दिया है। लोक अभियोजक ने इसकी शिकायत कलेक्टर डा सारांश मित्तर से की है। साथ ही जिम्मेदारों पर कार्रवाई के साथ ही पुलिस द्वारा दुष्कर्म के आरोपित को बचाने के लिए लापरवाही बरतने की बात कही गई है।

दो दिन पहले ही दुष्कर्म के मामले में चालान पेश करने और एएसआइ द्वारा चालान जल्द पेश करने के मामले में घूस लेते हुए वीडियो सामने आया था। इससे पुलिस विभाग का जमकर किरकिरी हुई है। अब सकरी थाना में ही दूसरी लापरवाही का मामला सामने आया है। शिकायत में बताया गया है कि पुलिस ने न तो दुष्कर्म पीड़िता का बयान लिया और न ही गवाहों का बयान दर्ज किया गया है। गंभीर बात यह कि घटना स्थल का नजरी नक्शा भी नहीं बनवाया गया है और कोर्ट में चालान पेश कर दिया गया है।

इस तरह के गंभीर मामलों में पुलिस की ऐसी लापरवाही समझ से परे है। साल 2020 में सकरी थाना में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म के तहत अपराध




**महिला एएसपी होने के वावजूद भी दुष्कर्म जैसे अपराध में गंभीर नहीं है न्यायधानी की पुलिस**

दर्ज किया था। एक युवती ने रमेश कुमार पटेल पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपित रमेश के खिलाफ धारा 376 के तहत जुर्म दर्ज किया। इस प्रकरण की विशेष न्यायाधीश न्यायालय एटीएफ पीठासीन अधिकारी की कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

18 मई को पेशी थी। इसके बाद ही लोक अभियोजन अधिकारी ने केस के दस्तावेजों के अवलोकन किया। इसमें पता चला कि पुलिस मामले का चालान भी कोर्ट में पेश कर चुकी है। जांच के दौरान अभियोजन अधिकारी ने पाया कि चालान में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब कर दिए गए हैं। चालान में न पीड़िता का बयान दर्ज किया गया है और न ही गवाहों के बयान को शामिल किया गया है। सिर्फ घटना क्रम को ही लिखकर कोर्ट में पेश किया गया है। लोक अभियोजन ने नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर डा. सारांश मित्तर को भी पत्र लिखा है। दुष्कर्म के मामले में गंभीर नहीं है पुलिस ‌= दुष्कर्म जैसे मामले में बिलासपुर पुलिस गंभीर नहीं है। दोषियों को बचाने के लिए कई तरह के प्रयास किया जा रहे हैं। विवेचना करने वाले अधिकारी बहुत ज्यादा लापरवाही बरत रहे हैं। कमजोर चालान बनाकर कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

## एक नजर


### विश्व पर्यावरण दिवस पर युवा कार्यकर्ता प्रभात ने बिलासपुर व पामगढ़ मे किया पौधारोपण



**बिलासपुर ।** प्रकृति के संरक्षण के लिए देशभर में वृक्षारोपण किया जाता है।लेकिन कटु सत्य यह भी है कि. जितने पेड़ लगाएं जाते है उसकी अपेक्षा कहीं बड़ी संख्या में वृक्षों की कुर्बानी दी जा रही है। जिसका असर वातावरण में आएं बदलाव में साफ देखा जा सकता है पेड़ पौधों लगाने से आप पास का वातावरण स्वच्छ साफ सुथरा और सबसे बड़ी चीज आक्सीजन मिलता है, जो मनुष्य जीवन के लिए लाभदायक है पेड़ हर एक व्यक्ति को लगाना चाहिए और पेड़ लगातार उसकी देखभाल करना चाहिए। आज पर्यावरण दिवस के अवसर पर बिलासपुर और पामगढ़ परिक्षेत्र मे पौधा लगाकर पर्यावरण दिवस मनाया और पौधा लगाकर उसका जिम्मेदारी भी लिया कि उसका ख्याल रखना भी जरूरी है। शोसल वर्कर प्रभात राय ने सभी से अपील किया कि सभी अपने घरो के लिए आस पास पौधा लगाये और देखभाल करके उसकी जिम्मेदारी ले जिससे हमारा पर्यावरण मस्त बना रहे हर जगह हरा भरा रहे इसमें मुख्य रूप से दीपेन्द्र मिश्रा, रोहित वस्त्रकार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### देवर्षि बने भाजयुमो जिला सोशल मीडिया कार्यकारिणी सदस्य

**बिलासपुर ।** भाजयुमो बिलासपुर जिलाध्यक्ष निखिल केशरवानी की अनुशंसा पर भाजयुमो सोशल मीडिया जिला संयोजक देवेश खत्री ने नवनियुक्त भाजयुमो सोशल मीडिया जिला कार्यकारिणी मे सरकंडा निवासी देवर्षि बाजपेयी को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। देवर्षि की नियुक्ति पर पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, सांसद अरुण साव, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंदु मिश्रा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष महर्षि बाजपेयी ने हर्ष व्यक्त किया है एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



वीआईपी रोड पर फिर बवाल

### देर रात नशे में झूमते लड़के-लड़कियों के दो गुटों में जमकर चले लात-घूंसे

**रायपुर ।** रायपुर के वीआईपी रोड में होटल ग्रैंड इंपीरिया के बाहर लड़के-लड़कियों के दो ग्रुपों में जमकर मारपीट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ लड़के-लड़कियां आपस में जमकर मार-पीट करते दिख रहे हैं। इस वीडियो में सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि लड़कियां भी लड़कों पर लात-घूंसे चलाती दिख रही हैं। वहीं लड़के भी लड़कियों पर पूरी बेरहमी से हमले करते दिख रहे हें। एक दूसरे को ऐसी-ऐसी गालियां दे रहे हैं कि हम उनकी आवाज आपको सुना नहीं सकते। बोतलें तोड़ते और लात-घूंसे चलाते इन लड़के-लड़कियों को देखकर ऐसा लगता है मानों शराब पार्टी के दारान ही किसी बात को लेकर विवाद हुआ होगा। और विवाद इतना बढ़ा कि होटल से बाहर आकर दोनो ग्रुप एक-दूसरे पर पिल पड़ा। इतनी मारपीट में कुछ लड़के-लड़कियों के घायल होने की भी खबर है। मारपीट का यह वीडियो शनिवार की देर रात का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पार्टी के दौरान कुछ लड़कों ने नशे की हालत में लड़कियों से बदसलूकी की। लड़कियों ने भी इसके बाद ताबड़तोड़ वार कर दिया। कुछ स्थानीय लोगों ने इस बात की जानकारी पुलिस पेट्रोलिंग टीम को भी दी। हालांकि पुलिस को देख हड़बड़ा कर सभी लड़के लड़कियां भाग निकले। किसी ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज नहीं करवाई। ये तो आए दिन की बात स्थानीय लोगों का कहना है कि इस लाइन के होटलों में रात के दो बजे तक पार्टीज बेरोकटोक चलती रहती है। और इस तरह के झगड़े भी अब यहां के लिए आम बात हो गई है। जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया तो पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठने लगे।



## खोदा पहाड़ निकली चींटी, साइबर फ्रॉड 52 लाख का और रिकवरी 1 लाख, एक बार फिर बिलासपुर पुलिस की कार्यप्रणाली पर लग रहा प्रश्न चिन्ह...?

**बिलासपुर ।** बिलासपुर में एक साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है।दरअसल एक वर्ष पूर्व सरकंडा थाना क्षेत्र के राजकिशोर निवासी से मोबाईल कंपनी का अधिकारी बनकर मोबाईल फोन के माध्यम से सायबर फ्राड किया गया।

फ्रॉड ने झांसे में लेकर प्रार्थी के बैंक खाते से किस्तों में लाखों रूपए निकाल लिए।ठगे जाने का एहसास होने के बाद इस घटना के बाद थाना सरकंडा थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने अपनी तत्परता दिखाते हुए इस मामले में एक आरोपी को पकड़कर उसे सलाखों के पीछे डाल दिया।लेकिन इस घटना में शामिल और भी लोग थे लेकिन उस वक्त पुलिस इन तक नहीं पहुंच पाई और वह पुलिस की पकड़ से फरार चल रहे थे।लगभग एक वर्ष इस घटना में शामिल कुछ और लोगो की जानकारी पुलिस को लगी और बिलासपुर पुलिस अपनी टीम तैयार कर झारखंड के जामताड़ा में दो दिन तक इन आरोपियों की पतासाजी में जुट गई। इस दौरान बिलासपुर पुलिस को इसमें सफलता हाथ लगी और इस मामले में और दो लोगो को गिरफ्तार कर हिरासत में बिलासपुर लाया गाय। बिलासपुर पुलिस ने पूरे एक साल बीत जाने पर इस मामले के कुल तीन आरोपियों तक ही पहुंच पाई और इनसे महज एक लाख रुपए की रिकवरी हुई है।गौरतलब हो एक वर्ष पूर्व सरकंडा राजकिशोर निवासी नरेंद्र कुमार स्वर्णकार पिता स्व.श्रीराम नारायण स्वर्णकार उम्र67 वर्ष के साथ उनके बैंक खाते से मोबाइल कंपनी का अधिकारी बनकर केवाईसी और नोटिफीकेशन के नाम पर बैंक के माध्यम से रिचार्ज करवा कर एनी डेस्क ऐप डाउनलोड कराकर बैंक खाते से किस्तों में कुल 52 लाख 93 हजार 699 रूपए की रकम निकाल कर सायबर फ्राड की घटना को अंजाम दे दिया गाया।




लेकिन इस मामले में बिलासपुर पुलिस की कार्रवाई खोदा पहाड़ और निकली चुहिया कहावत को चरितार्थ कर रही है।आप खुद सहज अंदाजा लगा सकते है जिसकी जीवन भर की पूंजी एक झटके में चली जाए और एक लंबे समय के बाद कछुआ गति से चल रही बिलासपुर पुलिस की कार्रवाई के बाद सिर्फ दो आरोपी हाथ लगे। उनसे भी जो रकम बरामद की जा रही है वह महज एक मजाक बनकर रह गया है।लेकिन इन सब से बिलासपुर पुलिस को क्या लेना देना। आरोपी हाथ लग गए, बस उनके लिए उतना ही बहुत है और पुलिस इस कार्रवाई में ही अपने ही हाथों अपना पीठ थपथपा रही है।

## शराब दुकानों की भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल पार करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलासपुर ।** शराब दुकानों के सामने लगे भीड़ का फायदा उठाकर लोगों की जेब से मोबाइल चुराने वाले को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी के 10 मोबाइल जब्त कर कार्रवाई की गई है। सिविल लाइन थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि शहर के शराब दुकानों के सामने से मोबाइल चोरी की शिकायतें मिल रही थी। पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि भीड़ के बीच से कोई उनका मोबाइल पार कर दिया है।

अलग-अलग थाना क्षेत्रों में इस तरह की शिकायतें लगातार मिल रही थी। इस पर एसपी पारुल माथुर, एएसपी उमेश कश्यप ने सभी थाना प्रभारियों को संदेहियों पर नजर रखने कहा था। चोरी की शिकायत मिलने पर सिविल लाइन पुलिस ने रिंग रोड स्थित शराब दुकान का सीसीटीवी फुटेज चेक किया। इसमें




जरहाभाटा निवासी हितेश डहरिया की गतिविधियां संदिग्ध लगी। पूछताछ के दौरान पता चला कि युवक चोरी के मामले में पहले भी गिरफ्तार हो चुका है। सिविल लाइन पुलिस ने संदेही युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पहले वह पुलिस को गुमराह कर रहा था। कड़ाई करने पर उसने शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से मोबाइल चोरी करना बताया।

पहले भी हो चुकी है वारदात

शहर की शराब दुकानों में चोरी का यह पहला मामला नहीं है।

हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर टेलीमेडिसिन सप्ताह 6 से 11 जून तक

## विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों द्वारा प्रदान किया जा रहा सलाह एवं उपचार

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** जिले में आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर टेलीमेडिसिन सप्ताह के तहत जिला चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्रों में 6 से 11 जून तक अभियान चलाते हुए प्रात: 11 बजे से शाम 5 बजे तक विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों द्वारा विभिन्न रोगों के लिए जांच,उपचार और सलाह प्रदान किया जा रहा है। टेलीमेडिसिन के माध्यम से जिले के सभी प्राथमिक और उप स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों के उपचार के लिए चिकित्सा विशेषज्ञ एवं चिकित्सा अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है। इस अभियान के तहत 6 जून को सामान्य एवं मानसिक रोगों का एमबीबीएस चिकित्सक एवं मानसिक रोग प्रशिक्षित चिकित्सक, विशेषज्ञ द्वारा उपचार और सलाह प्रदान किया जा रहा है।



## थाने पहुंच युवती बोली : दरोगा जी बेवफा निकला मेरा फेसबुक वाला प्यार, वादा मेरे से और शादी किसी और से...

**रायपुर ।** रायपुर की एक लड़की को फेसबुक से बाय फ्रेंड बनाना भारी पड़ गया। चैटिंग करते हुए लड़के से दोस्ती हुई । कुछ ही दिनों बाद मामला प्यार में तब्दील हो गया। दोनों के बीच जिस्मानी रिश्ते भी बने, मगर अब मामला थाने पहुंच चुका है। प्रेमी के खिलाफ पुलिस ने बलात्कार का केस दर्ज किया है।

यह घटना टिकरापारा इलाके की है। यहां रहने वाली 30 साल की लड़की ने थाने पहुंचकर कहा कि उसके बॉयफ्रेंड ने उसे धोखा दिया है, वह उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। शादी का वादा भी किया था। जब बात शादी की आई तो उसे छोड़कर किसी और से कर ली। लड़की से पुलिस ने इस मामले में आरोपी और उसके प्रेमी अरुण मिंज की जानकारी ली है।



लड़की ने पुलिस को बताया कि साल 2017 से लेकर अब तक दोनों के बीच संबंध रहा। एक दिन अचानक रात में फेसबुक यूज़ करते हुए उसकी जान पहचान अरुण मिंज से हुई । अरुण ने ही लड़की को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी। एक दूसरे का नाम पता पूछने के बाद, कुछ ही दिनों में दोनों के फोन नंबर एक्सचेंज हुए। फिर बातचीत फोन पर होने लगी।रायपुर के टिकरापारा इलाके में एक मकान में दोनों की मुलाकात भी हुई। यहीं आरोपी अरुण ने फायदा उठाते हुए लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद दोनों अक्सर मिलने लगे और एक साथ जीने की कसम खाने लगे।

लड़की अक्सर शादी करने को कहती थी मगर अरुण उसकी बात टाल दिया करता था। कुछ वक्त पहले ही अरुण ने अपने घर वालों की मर्जी से दूसरी लड़की से शादी कर ली। इसकी खबर लगते ही लड़की ने अरुण से बात करनी चाही मगर अरुण की तरफ से कोई जवाब ना मिलता देख, लड़की ने थाने में जाकर शिकायत की है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन वालों पर सीपत पुलिस का अभियान जारी

3 दिन में 1.38 लाख जुर्माना वसूलें

**बिलासपुर ।** ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सीपत पुलिस ने तीन दिनों के भीतर एक लाख 38 हजार रुपये जुर्माना शुल्क वसूल किय है। सीपत नेशनल हाईवे में यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सीपत थाना प्रभारी व प्रशिक्षु आइपीएस विकास कुमार के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से सीपत क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। तेज रफ्तार से वाहन चलाने और सड़क किनारे वाहन खड़ी करने की वजह से हादसे हो रहे हैं।

थाना प्रभारी व प्रशिक्षु आइपीएस ने कहा कि ऐसी कार्रवाई रोजना होगी। सीपत थाना क्षेत्र में दुर्घटना के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई



कर रहे हैं। ग्राम पांधी, मटियारी, सीपत, गुड़ी, हिन्डाडीह, खांडा, खम्हरिया, लूतरा में बेतरतीब वाहन चलाया जा रहा है। यातायात के नियमों को पूरा तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। दुर्घटना के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए ग्रामीणों को जागरूक करने जानबो त बचबो अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत लगातार ग्रामीणों को यातायात के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया जा रहा हैं। लोगों को यातायात संकेत चिन्ह की जानकारी देने यातायात के नियमों से संबंधित पोस्टर लगाए गए हैं। जिनमें चित्र के माध्यम से नागरिकों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

### सड़क किनारे वाहन खड़े करने से होगी कार्रवाई

प्रशिक्षु आइपीएस विकास कुमार ने बताया कि रात के दौरान भारी वाहन जैसे ट्रेलर हाईवा समय अन्य गाड़ियों को सड़क किनारे खड़ी कर दी जाती है। इसके चलते सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। थोड़ी सी लापरवाही के कारण लोगों को जान गवां रहे हैं।

कुछ दिन पहले सीपत क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ी गाड़ी से बाइक सवार युवक टकरा गया था। इससे मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई थी। आईपीएस ने सड़क गाड़ी खड़ी नहीं करने निर्देश दिया है। खड़ा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बिलासपुर शहर के लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में विश्व पर्यावरण दिवस अवसर पर किया गया वृक्षारोपण..

बिलासपुर । जिले में विगत 1 जून से लेकर 5 जून तक वृक्षारोपण अभियान का समापन आज लाल बहादुर शास्त्री मैदान पर पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम में शहर के विधायक शैलेश पांडे समेत बिलासपुर सांसद अरुण साव एवं तमाम प्रतिष्ठित शहर के वासी सम्मिलित हुए।



वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जिले के अलग-अलग स्थानों में सैकड़ों वृक्ष लगाए गए हैं, इसके अलावा अभियान के तहत वृक्ष रथ द्वारा घरों पर पहुंचकर हजारों पेड़ों का वितरण भी किया जा चुका है।कार्यक्रम के समापन के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान पर बड़ी संख्या में शहर के प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे, इसके अलावा वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान विधायक शैलेश पांडे ने पर्यावरण को बचाने और पेड़ लगाने के संदेश की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह पिछले कुछ सालों में क्लाइमेट में चेंजिंग आया है।उससे मानव प्रजाति को सतर्क हो जाना चाहिए कि वृक्ष ही एकमात्र ऐसा उपाय है जो प्रकृति को संतुलित रख सकता है इसलिए अधिक से अधिक संख्या में मनुष्यों को वृक्षारोपण करना चाहिए। जिले में विगत 1 जून से लेकर आज 5 जून तक अलग-अलग स्थानों में सैकड़ों पेड़ लगाने के लिए युवा पत्रकार साथियों की सराहना भी की कार्यक्रम में पहुंचे सांसद अरुण साव द्वारा इस अभियान को आमजन का अभियान बताते हुए जन जन को वृक्षारोपण करने का संदेश दिया। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में वृक्ष रथ द्वारा घर-घर पहुंचकर वृक्ष वितरण करने के कार्य को सांसद ने साधुवाद दिया कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी की शहर अध्यक्ष उज्वाला कराडे ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं और वृक्षारोपण अभियान की सराहना करते हुए दुनिया को वृक्षों की जरूरत को समझाया। उज्जवला कराडे ने कहा कि जिस तरह आज देश में पेड़ों की कटाई हो रही है उसकी अपेक्षा वृक्षारोपण के कार्यक्रम नहीं किए जा रहे हैं इंसान की एक छोटी सी कोशिश भी प्रकृति को उसका संतुलन बनाए रखने में मदद करती है.. पूरे अभियान के दौरान जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में बड़ी संख्या में वृक्ष वितरण का कार्य किया गया है। इसके अलावा वृक्ष लेने वालों से कसम भी ली गई है कि उनके द्वारा लगाया जाने वाले वृक्ष की संरक्षण वें पूरी इमानदारी से करेंगे। कार्यक्रम में रोटरी क्लब क्वीन्स की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, पायल एक नया सवेरा अध्यक्ष पायल लाठ, योग आयोग के सदस्य रविंद्र सिंह, भाजपा नेत्री किरण सिंह, रोटरी क्लब की सिटी कोऑर्डिनेटर चंचल सलूजा कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष सीमा घृतेश समेत जोगी कांग्रेस के प्रदेश और जिला पदाधिकारी और शहर के पत्रकार और बड़ी संख्या में युवा साथी मौजूद रहे।

# अध्यक्ष छ.ग.राज्य सहकारी बैंक बैजनाथ चंद्राकर ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-
रायगढ़।




अध्यक्ष छ.ग.राज्य सहकारी बैंक बैजनाथ चंद्राकर कल अपने एक दिवसीय रायगढ़ प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभागीय गतिविधि एवं योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक लिए। इस दौरान उन्होंने खरीफ सीजन 2022 में अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण, समितियों में धान का उठाव/ मिलान, राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं गोधन न्याय योजना तथा धान के बदले अन्य फसलों के लिए ऋण वितरण व वसूली के संबंध में चर्चा की। बैठक के दौरान रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित मुख्यालय के सहायक महाप्रबंधक भूपेश चंद्रवंशी, प्रबंधक अभिषेक तिवारी एवं ए.के.लहरे उपस्थित रहे।

चंद्राकर ने सभी समितियों को जल्द से जल्द आधार एनेबल्ड माइक्रो एटीएम मशीन दिलाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बैंक की शाखाओं को पर्याप्त रुपे एटीएम कार्ड भी दिलाए जाने की बात कही। गोधन न्याय योजना में रायगढ़ जिले में प्रशंसनीय कार्य के लिए चंद्राकर ने जिला प्रशासन की तारीफ की। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी एस.पी.सिंह एवं उप महाप्रबंधक व नोडल अधिकारी सुनील सोढ़ी द्वारा बताया गया कि खरीफ सीजन 2022 में ऋण वितरण लक्ष्य 215 करोड़ के विरूद्ध 1 अप्रैल 2022 से अब तक 12 हजार 605 किसानों को 43.91 करोड़ का फसल ऋण वितरण किया गया। विगत वर्ष 2021 की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक ऋण वितरण आज तक की अवधि में किया गया। सुराजी ग्राम योजना अंतर्गत गोधन न्याय योजना में 25 हजार 396 पंजीकृत गोबर विक्रेता किसानों से 517 गोठानों में गोबर क्रय किया गया जिसमें योजना प्रारंभ से 6 लाख 44 हजार क्विंटल लक्ष्य गोबर का 12 करोड़ 88 लाख का भुगतान सफलता पूर्वक किया जा चुका है। भुगतान का प्रतिशत 99.71 रहा है। श्री चंद्राकर ने कलेक्टर भीम सिंह के नेतृत्व में रायगढ़ जिले का नाम योजना के क्रियान्वयन में प्रथम स्थान में आने पर सभी उपस्थित शाखा प्रबंधकों, समिति प्रबंधकों एवं पर्यवेक्षकों की सराहना की। इसी क्रम में क्रय गोबर से जिले के महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित कुल 01 लाख 75 हजार क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट में से समितियों द्वारा कुल 01 लाख 63 हजार क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट किसानों को विक्रय कर दिया गया जिसका अपेक्स बैंक द्वारा कार्यरत एसएचजी को कुल राशि में 5 करोड़ 80 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है जो भुगतान का 93 प्रतिशत है। इसी प्रकार एसएचजी लाभांश भुगतान 92.66 प्रतिशत है। राजीव गांधी किसान न्याय योजनान्तर्गत वर्ष 2020-21 में 01 लाख 5 हजार 603 पंजीकृत किसानों से कुल 01 लाख 1 हजार 72 किसानों को चार किश्तों में 320 करोड़ का भुगतान बैंक द्वारा किया गया था। वहीं जिले में वर्ष 2021-22 में कुल पंजीकृत 01 लाख 21 हजार 37 किसानों में से 01 लाख 8 हजार 106 लाभान्वित किसानों को प्रथम किश्त 97 करोड़ का भुगतान किया गया है। वर्ष 2021-22 में योजनान्तर्गत कुल 359 करोड़ जिले के किसानों को चार किश्तों में प्राप्त होगी। जिले में 31 नवीन पुनर्गठित सहकारी समितियों को 25.56 लाख प्रति गोदाम निर्माण लागत से 200 एमटी गोडाउन हेतु आरआईडीएफ के नाबार्ड सहायता से गोदाम सह कार्यालय निर्माण हेतु स्वीकृति मिलने की जानकारी दी गई। उक्त गोदाम छ.ग.गृह निर्माण मंडल, संभाग रायगढ़ द्वारा बनाए जायेंगे।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिला सम्मान

***अध्यक्ष छ.ग.राज्य सहकारी बैंक बैजनाथ चंद्राकर ने बैंक के कर्मचारी जिन्होंने अपने कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें सर्वश्री पी.बैसवार, एम.तिर्की, विजय मेहरा, खगेश्वर सिंह चंद्रा, संदीप साहू, रोशन, अजय पटेल, शेखर केशरवानी शामिल है। साथ ही सहकारी समिति संघ को भी प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया।***

## जेल से छूटकर आए, फिर भी नहीं माने, आते ही करने लगे नशे का धंधा, 5 लाख का ब्राइन शुगर और नशीली टेबलेट, 4 गिरफ्तार

**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस ने 5 लाख रुपए कीमत ब्राउन शुगर व नशे की टेबलेट के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी बाइक से घूम-घूम कर नशे का कारोबार करते थे। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।



दुर्ग एसपी ने इस मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि शिवपारा दुर्ग निवासी बबलू यादव और लक्की महार नशे का कारोबार करते थे। इसी आरोप में वो लोग जेल जा चुके थे। जेल से छूटने के बाद पुलिस ने उन पर नजर बनाए रखी। इसी दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों अपने पास अत्यधिक मात्रा में ब्राउन शुगर की पुड़िया रखे हैं। पुलिस ने मुखबिर को अलर्ट किया। इसी दौरान उन्हें पता चला कि ग्रीन चौक कुदरापारा के पास कुछ लोगों आरोपी ब्राउन शुगर देने जा रहा है। मोहन नगर पुलिस ने तुरंत घेराबंदी करके बबलू और लक्की को गिरफ्तार किया।

तलाशी लेने पर बबलू कब्जे से 100 पुड़िया ब्राउन शुगर जब्त किया। प्रत्येक पुड़िया का वजन 10.05 ग्राम था, जो कि 500 रुपए में बेची जा रही थी। साथ ही लक्की महार के कब्जे से 107 पुड़िया ब्राउन शुगर जब्त की गई। इसमें प्रत्येक पुड़िया का वजन 11.12 ग्राम था जो कि 600 रुपये में बेची जा रही थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## राष्ट्रीय स्तर की छात्रवृत्ति परीक्षा में हनोदा स्कूल के दो विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**दुर्ग ।** मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शालोय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हनोदा के विद्यार्थी पुष्पांजलि चंद्राकर और पीयूष खुटेल का चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों ने गणित शिक्षिका प्रज्ञा सिंह के मार्गदर्शन में परीक्षा की तैयारी की थी। विद्यार्थियों के चयन से दुर्ग का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए शाला की गणित शिक्षिका प्रज्ञा सिंह के मार्गदर्शन में विगत 11 वर्षों से इस परीक्षा की तैयारी करवाई जा रही है। प्रति वर्ष विद्यालय के बच्चों का इस कठिन परीक्षा में चयन होता है। अभी तक 16 बच्चे चयनित हो चुके हैं। इस वर्ष प्रज्ञा सिंह ने संकुल हनोदा की अन्य शाला बोरसीभाटा के बच्चों को इस परीक्षा में शामिल होने प्रेरित किया एवं संकुल में गणित और मानसिक योग्यता की कक्षाएं ली। साथ ही वीडियो और पठन सामग्री नियमित रूप वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बच्चों को उपलब्ध करवाए । लॉकडाउन में भी लगातार ऑनलाइन क्लास के माध्यम कक्षा ली।

## हसदेव जंगल बचाने की मांग को लेकर जिले के पर्यावरण संगठनों ने निकाली बाइक रैली

**दुर्ग ।** हसदेव जंगल में पेड़ों की कटाई बंद कर इसे बचाने की मांग को लेकर जिले के पर्यावरण संगठनों ने आज शहर में बाइक रैली निकाली इस बाइक रैली में बड़ी संख्या में शहर सहित आसपास ग्रामों के पर्यावरण प्रेमी शामिल हुए जिन्होंने पेड़ों की कटाई बंद कर हसदेव बचाने के नारे लगाते हुए शहर का भ्रमण किया। जिले के पर्यावरण संगठनों आदर्श युवक मंडल पोटिया,हरित क्रांति संगठन कोडिया, हितवा संगवारी डुन्डेरा , पीपुल फर एनीमल भिलाई, सृजनशील युवा एवं महिला मंडल पिसेगांव, एनवायरमेंट हीरोज अछोटी,गायत्री परिवार दुर्ग, पर्यावरण मित्र समिति रिसाली सहित विभिन्न संगठनों एवं पर्यावरण प्रेमी सबसे पहले पुराना बस स्टैंड दुर्ग के पास एकत्रित हुए जहां से हसदेव बचाने बाइक रैली निकाली जो गांधी चौक,नया बस स्टैंड, राजेंद्र पार्क,ग्रीन चौक, अग्रसेन चौक, फरिश्ता कंपलेक्स, इंदिरा मार्केट होते हुए वापस पुराना बस स्टैंड में आकर समाप्त हुआ।

इस दौरान रैली में शामिल पर्यावरण कार्यकर्ता अपने हाथों में हसदेव बचाने से संबंधित स्लोगन लिखी हुई तख्तियां लेकर चल रहे थे। रैली के दौरान पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने लोगों को बताया कि हसदेव का जंगल मध्य भारत का फेफड़ा कहा जाता है जहां के जंगलों में लगे पेड़ों कोयला खनन के नाम पर काटे जा रहे हैं।

## एक ही फंदे पर लटकी मिली पति-पत्नी की लाश

युवती ने पति को छोड़कर देवर से की थी शादी ;बिलासपुर से लौटकर उठाया ये कदम

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में पति-पत्नी की लाश एक ही फंदे पर लटकी हुई मिली है। दोनों काम करके बिलासपुर से लौटे थे। इसके बाद दोनों के शव बरामद किए गए हैं। बताया गया है कि युवती अपने पति को छोड़कर देवर से शादी कर ली थी। मामला कोरबी चौकी क्षेत्र का है।



करिश्मा धनवार (24) की शादी मिसिया गांव में एक शख्स के साथ हुई थी। इसके बाद करीब 2 साल पहले उसने पति को छोड़ दिया और चाचा ससुर के लड़के संतराम धनवार(20) से शादी कर ली थी। शादी के बाद से ही दोनों मजदूरी करने का काम करते थे। काम के सिलसिले में दोनों बिलासपुर में रह रहे थे।

पता चला है कि दोनों बिलासपुर से रविवार शाम को ही लौटे थे। जिसके बाद रात को इनका कुछ पता ही नहीं चला। गांव के लोग जब नदी किनारे की तरफ रात को गए थे, तब उन्होंने एक ही फंदे पर दोनों को लटके हुए देखा। संभवना है कि दोनों ने वहां से लौटकर नदी किनारे फंदा लगाकर जान दे दी है। इधर, लोगों ने ही परिजनों को इस बात की सूचना दी थी। फिर पुलिस को भी इस बात की खबर दी गई। खबर मिलने के बाद अगले दिन सोमवार को पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शवों को बरामद किया गया है।

### बच्चा नहीं हो रहा था

गांव के लोगों का कहना है कि करिश्मा ने संतान सुख नहीं मिलने के चलते पति को छोड़ दिया था और अपने देवर से शादी कर ली थी। मगर देवर से शादी के बाद भी उसे कोई बच्चा नहीं हुआ। इस वजह से वह परेशान थी। आशंका है कि उसने इसी के चलते ये कदम उठाया होगा। फिलहाल शव को बरामद कर पीएम के लिए भेजा गया है। पुलिस परिजनों से भी पूछताछ करेगी। पुलिस के अनुसार प्रथम दृषटयता में ये मामला आत्महत्या का लगा रहा है। मगर पीएम रिपोर्ट के बाद मौत का राज खुल सकेगा।

### एक नजर

## धोखाधड़ी का आरोपी कोंडागांव से गिरफ्तार

पुलिस विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर की थी 15 लाख की ठगी




**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने पुलिस विभाग में आरक्षक की नौकरी लगवाने के नाम पर 15 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी फरसगांव जिला कोंडागांव रहने वाला है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि वह अपने घर छिपा हुआ है। रानीतराई पुलिस तुरंत वहां पहुंचकर छापेमार कार्रवाई की और आरोपी को पकड़कर दुर्ग लाई। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसडीओपी पाटन देवांश सिंह राठौन ने बताया कि मिलेश चतुर्वेदी, केवल कुमार बांधे और कुंदन कुमार ने कोंडागांव निवासी दीपेन्द्र कुमार नाग (35 वर्ष) के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी ने पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर तीनों से 8 लाख, 5 लाख और 2 लाख सहित कुल 15 लाख रुपए की घोखाधड़ी की है। थाना रानीतराई में आरोपी के खिलाफ धाखोधड़ी का मामला दर्ज किया। इसके बाद से पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी, लेकिन आरोपी चकमा देकर भाग जा रहा था। आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदल कर पुलिस को चकमा देने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान साईबर सेल की मदद से आरोपी का लोकेशन ट्रेस किया गया तो पता चला कि वह अपने गृहग्राम फरसगांव में है। इसके बाद पुलिस ने उसे वहां से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया है।

## सरकार तुंहर द्वार शिविर में ही मिल गया संदीप को लर्निंग लाइसेंस

नहीं लगाना पड़ा जिला मुख्यालय का चक्कर

**कोरबा ।** लर्निंग लाइसेंस बिना आरटीओ दफ्तर जाये गांव में ही चंद घण्टों में मिल जाए तो बड़ी राहत मिलती है। ड्रायविंग लाइसेंस की जरूरत न केवल वाहन चलाने के लिए जरूरी है वरन विभिन्न अवसरों व स्थानों पर यह एक वैध पहचान पत्र के रूप में पूरे देश में मान्य हैं। कलेक्टर मती रानू साहू की पहल पर सरकार तुंहर द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड कोरबा के कोरकोमा में आयोजित समाधान शिविर में कई युवाओं के लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाया गया। जहां परिवहन विभाग ने गांव में अपने सभी तकनीकी अमलो के साथ रजिस्ट्रेशन, वेरिफिकेशन ,एप्रूवल जैसे कागजी प्रक्रियाओं को पूरा कर शिविर स्थल पर ही कई युवाओं को अस्थाई (लर्निंग) लाइसेंस प्रदान किया। 26 मई को कोरकोमा में आयोजित सरकार तुंहर द्वार समाधान शिविर में कोरकोमा निवासी 19 वर्षीय युवा संदीप राठिया भी लाभान्वित हुए। जिन्हें कोरकोमा से कोरबा आरटीओ दफ्तर जाये बगैर लर्निंग लाइसेंस मिल गया। संदीप ने बताया कि बिलासपुर में रहकर पढाई करने के कारण अभी तक ड्राइविंग लायसेंस नहीं बनवा पाया था। जिला प्रशासन द्वारा कोरकोमा में आयोजित शिविर में लायसेंस बनने की जानकारी मिलने पर शिविर में आकर लर्निंग लायसेंस के लिए आवेदन किया। परिवहन विभाग के स्टॉल में लायसेंस बनाने के लिए आवश्यक कर्मचारी और कम्प्यूटर आदि तकनीकी चीजों की व्यवस्था की गई थी। आवेदन देने के कुछ घंटो के भीतर ही लर्निंग लायसेंस बनाकर दे दिया गया। संदीप ने बताया कि गांव में ही लायसेंस बन जाने से काफी खुशी हो रही है। शिविर में लायसेंस बन जाने से जिला मुख्यालय स्थित आरटीओ दफ्तर जाने की परेशानी से भी राहत मिल गई।

## पाटले होंगे प्रभारी एडीएम

कलेक्टर रानू साहू ने जारी किये आदेश

**कोरबा ।** कलेक्टर मती रानू साहू ने संयुक्त कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले को प्रभारी एडीएम का प्रभार सौंपा है। कलेक्टर मती साहू ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिये है। संयुक्त कलेक्टर सुनील नायक के स्थानान्तरण होने के पश्चात उनके संपूर्ण प्रभार को पाटले को दिया गया है।

# कलेक्टर भीम सिंह ने ली जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-
रायगढ़।

कलेक्टर भीम सिंह ने जिला जल स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल, आंगनबाड़ी के स्टीमेंट बनाने की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जताई।



कलेक्टर श्री सिंह ने ईई पीएचई परीक्षित चौधरी को वर्क आर्डर जारी करने, कार्यो में तेजी लाने एवं गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिससे जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जल प्रदाय के लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत किये जा रहे जल जीवन मिशन के कार्यो की अद्यतन जानकारी, तकनीकी स्वीकृति, निविदा की स्थिति, केमिकल्स, फिल्ड टेस्ट कीट, भुगतान विभिन्न कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी, स्कूलों, स्वास्थ्य केन्द्र, छात्रावास आदि स्थानों में रनिंग वाटर के कार्य की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने स्कूलों, स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी में किए जा रहे रनिंग वाटर कार्यो की गुणवत्ता निरीक्षण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। पेयजल स्त्रोतो के परीक्षण हेतु प्रदाय किए गए फील्ड टेस्ट कीट का परीक्षण के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने जल एवं स्वच्छता मिशन के तहत किए जा रहे कार्यो की निविदा प्रक्रिया व वर्क आर्डर में तेजी लाने ईई पीएचई को निर्देश दिए। ईई पीएचई परीक्षित चौधरी ने बताया कि 1745 योजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है तथा 1200 योजनाओं की निविदा जारी की जा चुकी है। जिसमें से 691 योजनाओं का कार्यादेश जारी किया गया है। इसके अलावा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 652 योजनाओं में कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिसमें 05 जून की स्थिति में 45 हजार 906 घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किए जा चुका है।

वही रेट्रोफिटिंग योजना के 09, सिंगल विलेज नलजल योजना के 74, सोलर योजना के 49 की कार्योत्तर प्रशासकीय स्वीकृति एवं सिंगल विलेज योजना के 08 एवं सोलर योजना के 11 योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर प्रारूप निविदा स्वीकृत कर आनलाईन निविदा आमंत्रित किए जाने हेतु अनुमोदन किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि क्रेड़ा के 243 योजनाओं में निविदा आमंत्रित किया गया है तथा 243 योजनाओं पर कार्यादेश जारी किया जा चुका है। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जल संसाधन, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी एवं क्रेडा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# सीईओ डॉ.रवि मित्तल को दी गयी विदाई

जिला पंचायत के नए सीईओ अबिनाश मिश्रा ने किया पदभार ग्रहण

जोहार छत्तीसगढ़-
रायगढ़।




रायगढ़ जिला पंचायत से स्थानांतरित सीईओ डॉ.रवि मित्तल जिनका स्थानांतरण जिला पंचायत रायपुर के लिए किया गया है उन्हें जिला पंचायत परिवार की ओर से आज भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष निराकार पटेल, जिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक, संगीता गुप्ता, बैजन्ती नंदू लहरे, एडिशनल सीईओ बी.तिग्गा, सहित जिला पंचायत के अन्य सदस्य गण व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी लोगों ने जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल के साथ अपने कार्य करने के अनुभवों को साझा करते हुए अधिकारियों ने इसे नवाचार के साथ उपलब्धियों से भरा कार्यकाल बताया। डॉ.मित्तल के मार्गदर्शन में कोविड टीकाकरण, मनरेगा, एनआरएलएम के तहत किये कार्यों से रायगढ़ को इन कार्यक्रमों में शीर्ष पर काबिज होने का गौरव हासिल हुआ। अधिकारियों ने कहा कि इस दौरान कार्य संपादन को लेकर कई नई चीजें सीखने को मिली। सभी ने उनकी नयी पदस्थापना के लिए उन्हें शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान डॉ.रवि मित्तल ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल के बारे में बात करते हुए कहा कि कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन से जिले में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में काफी सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि कोविड टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करना एक चुनौतीपूर्ण काम था। जिसमें जिला प्रशासन के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों ने भी अपना सहयोग दिया। जिससे रायगढ़ जिला न सिर्फ प्रदेश में बल्कि पूरे देश में अग्रणी रहा। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत की टीम के साथ सभी जिला अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से बहुत सी चुनौतीपूर्ण कार्यों को किया जा सका। उन्होंने जिला और जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों के सहयोग को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने सभी को आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### नए सीईओ मिश्रा ने किया पदभार ग्रहण

रायगढ़ जिले में पद स्थापित नए जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा ने आज दोपहर जिला पंचायत पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। 2018 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री मिश्रा इसके पूर्व दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में अनुविभागीय अधिकारी का पद संभाल रहे थे।

# किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने सहकारिता मर्यादित बैंक के अध्यक्ष से घरघोड़ा तमनार में अपेक्स बैंक खोलने की मांग की

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आज छ ग सहकारिता मर्यादित बैंक अपेक्सबैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त का रायगढ़ आगमन हुआ जिसमें जिला किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजा शर्मा एवं किसान कांग्रेस के जिला पदाधिकारियों द्वारा घरघोड़ा एवं तमनार में अपेक्स बैंक शाखा खोले जाने के लिए ज्ञापन सौंपा है, साथ ही जिले के किसानों की समस्या तथा समस्या का निवारण के लिए बैजनाथ चंद्राकर द्वारा आश्वासन दिया गया है तथा किसानों की समस्या को अवगत कराते हुए रायगढ़ जिला



अध्यक्ष राजा शर्मा ने अपेक्स बैंक रायगढ़ शाखा में घरघोड़ा एवं तमनार के किसानों के साथ बैंक के कर्मचारी तथा सुरक्षा गार्ड द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है तथा साथ ही साथ अवैध उगाही भी की जाती है इसकी शिकायत चंद्राकर को भी की गई है तथा चंद्राकर ने आश्वस्त किया है कि जल्द से जल्द इन पर कार्यवाही की जाएगी साथ ही चंद्राकर ने यह भी बताया कि भूपेश की सरकार किसान हितेषी सरकार है इसमें किसी भी किसानों को तकलीफ या समस्या नहीं होने दी जाएगी तथा किसानों के हित में सरकार ने कई जनकल्याणकारी निर्णय लिए हैं। जिसका लाभ छत्तीसगढ़ के किसानों को मिल रहा है तथा छत्तीसगढ़ मॉडल पर आने वाले अन्य प्रदेशों में भी विधानसभा के चुनाव लड़े जाएंगे छत्तीसगढ़ के किसान राजीव किसान न्याय योजना किसान ऋण माफ ी योजना गौठान योजना भूमिहीन योजना बिजली बिल हाफ खाद्य पदार्थों में मूल्य की कमी व अन्य ऐसी कई किसान हित कल्याणकारी योजना भूपेश सरकार ने लागू किया है जिससे किसान आज सक्षम तथा लाभान्वित हो रहे हैं और छत्तीसगढ़ का नाम देश ही नहीं विदेशों में भी विख्यात हो रहा है रायगढ़ जिला की सहकारिता बैठक में पधारे बैजनाथ चंद्राकर का किसान कांग्रेस ने जोरदार अभिनंदन एवं स्वागत किया जिसमें मुख्य रुप से जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष राजा शर्मा किसान कांग्रेस प्रभारी महामंत्री प्रदीप चौहान महामंत्री जगदीश चौहान प्रवक्ता मनोज चौहान घरघोड़ा किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कृपासिंधु पटेल सरपंच रोहित महंत आशीष जैस्वाल सनी साहू जिला सचिव विशेशर राठिया आदि संख्या में रायगढ़ जिला किसान कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### दीक्षांत समारोह के आयोजन पर विद्यार्थियों ने माना कुलपति का आभार

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय पहुंचकर कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह में समय पर उपाधि प्राप्त होना एक सुखद और अविस्मरणीय पल रहा है। कोरोना की विषम परिस्थितियों से उबरकर एक साथ तीन बैच के विद्यार्थियों को उपाधि प्राप्त हुई है। इतनी बड़ी संख्या में सभी विद्यार्थियों को मंच से उपाधि प्राप्त होना इस दीक्षांत समारोह के लिए महत्वपूर्ण रहा है। इसके लिए सभी विद्यार्थियों द्वारा कुलपति प्रोण् शर्मा का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्रो. शर्मा ने उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अब वे देश और समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर अपना अपने परिवार और अपने विश्वविद्यालय का नाम रौशन करें। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में हमें हमेशा सत्य को आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए। पत्रकारिता का मूल धर्म देश के विकास में सहयोग करना है। व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठकर हमें अपने जीवन में आगे बढ़ते रहना चाहिए। इसी से हमें यश और प्रतिष्ठा प्राप्त होगी। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग के अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी, फैकल्टी सदस्य वर्षा शर्मा, अतुल प्रधान सहित उपाधि प्राप्त विद्यार्थी आकाश चौबे, रिया शर्माए, कृति शर्मा, अमान खान, राम सोनकर, सोमेश पटेल, प्रमोद साहू, तोरण साहू, विमल कुर्रे, किशन देवांगन, वीना देवांगन, नागेन्द्र, अविनाश मांडले, सौम्या दुबे, ऋषभ सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### रिक्त शासकीय भूमि की नीलामी के लिये 13 जून तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

नजूल अधिकारी रायगढ़ द्वारा जारी सूचना के अनुसार रायगढ़ के चक्रधर नगर में शीट नंबर 73, प्लांट नंबर 14/1, रकबा 540 वर्गफुट भूमि, कसेर पारा में शीट नंबर 72, प्लांट नंबर 102, रकबा 2800 वर्गफुट भूमि, मधुबन पारा में शीट नंबर 55, प्लांट नंबर 137, रकबा 1000 वर्गफुट भूमि, जिला पंचायत के सामने छोटे अतरमुड़ा में प्लांट नंबर 24/1 रकबा 3350 वर्गफुट भूमि, चांदमारी स्कूल के पीछे शीट नंबर 54, प्लांट नंबर 124, रकबा 2450 वर्गफुट भूमि तथा संजय काम्पलेक्स के पीछे शीट नंबर 44, प्लांट नंबर 189/1 में से रकबा 1800 वर्गफुट भूमि को खुली नीलामी प्रक्रिया के तहत आबंटन किये जाने प्रस्तावित किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी हितबद्ध पक्षकार अथवा कोई भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे अपना दावा-आपत्ति न्यायालय नजूल अधिकारी, रायगढ़ में सुनवाई तिथि 13 जून 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के द्वारा उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जायेगा तथा प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

### भाजपा महिला मोर्चा ने डाक्टर्स व स्वास्थ्य कर्मियों का किया सम्मान

भाजपा मना रही है सेवा, समर्पण व गरीब कल्याण पखवाड़ा

**जगदलपुर** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 08 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा, समर्पण और गरीब कल्याण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने आज महारानी जिला अस्पताल में महिला डाक्टर्स व स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान किया, उनके सेवा कार्य के लिये उनका आभार माना। इस मौके पर विशेष रुप से भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत व प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी मौजूद थी।

भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ने बताया कि सेवा, समर्पण व गरीब कल्याण पखवाड़ा के तहत आमजन के बीच पहुंचकर निरंतर कार्यक्रम किये जा रहे हैं। डाक्टर्स व स्वास्थ्य कर्मियों के सम्मान के साथ ही शहर के विजय वार्ड, महेन्द्र कर्मा वार्ड व अब्दुल कलाम वार्ड में सेवा कार्य कर रही महिला स्वसहायता समूहों की बहनों का भी उनके कार्य क्षेत्र वार्ड में पहुंचकर सम्मान किया गया। केन्द्र की मोदी सरकार की जनहित की योजनाओं के विषय में डोर टू डोर संपर्क कर बताया जा रहा है तथा उनका लाभ लेने भी प्रेरित कर रहे है। जिन हितग्राहियों ने योजनाओं का लाभ लिया है, उनसे भी भेंट की जा रही है। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताए शहरी क्षेत्र के साथ गांव-देहात का दौरा कर महिलाओ-गृहणियों से सघन संपर्क अभियान में जुटी हुई है। इस दौरान प्रदेश मंत्री संगीता शर्मा, रोशन सिसोदिया, किरण सेन, भारती वास्तव, महेश्वरी ठाकुर, चमेली,कुसुम परिहार, लक्ष्मी कश्यप, कृष्णा राय, ममता राणा, अलका सेंगर, मीना विश्वकर्मा, गीता नाग, माया रानी, मंजुला ध्रुव सहित महिला मोर्चा की कार्यकताएं मौजूद थी।

# अब कोई काम नहीं रहेगा अधूरा, मोटराइज्ड ट्राइसिकल से समय पर काम होगा पूरा

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर-चाम्पा।




दोनों पैरों से नि:शक्त व दिव्यांग ग्रामीण युवक लचराम, अजीत कुमार और कुंती कुमारी, रामकिशन धीवर एवं रूपेश कुमार को आज जब कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला के हाथों नया ट्राइसिकल मिला तो मानों उन्हें जैसे अपने मुश्किल सफ र का कोई नया साथी मिल गया। मोटराइज्ड ट्राइसिकल और हाथ वाले ट्राइसिकल के रूप में मिले इस नये साथी से उनकी खुशियां भी दुगनी हो गई। अब उन्हें लगने लगा है कि उनका काम जो आवागमन के साधन की वजह से प्रभावित होता थाए फि लहाल नहीं होगा। समय पर उनके काम पूरे होंगे। कलेक्टर ने सभी दिव्यांगों को बधाई देते हुए कहा कि आप अपनी मेहनत से सफर तय कर रहे हैं, आज से आपका सफ र ट्राइसिकल से आसान हो जाएगा। आप सभी सड़क पर सुरक्षित आवागमन करें और अपनी मंजिल तक पहुचे।

# पहाड़ लुडेग एवं झरन में लगा सांसद गोमती साय का जन चौपाल

सांसद ने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी ली

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



जिले के लैलूंगा विकासखंड के पहाड़ लुडेग एवं झरन में संसदीय संकुल परियोजना के तहत रायगढ़ लोकसभा सांसद गोमती साय ने जन चौपाल लगाकर केंद्र सरकार की सभी योजनाओं की चर्चा कर ग्रामीणों से जानकारी ली और हितग्राहियों को योजना का शत प्रतिशत लाभ मिले इस संबध में विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया। जनचौपाल में सांता साय, बोधराम प्रधान, ललित यादव, स्नेह लता सिदार, परेश्वर प्रधान, पालू राम भगत, हरिहर कौशिक, हरिराम पैकरा, प्रफुल्ल शर्मा एवं झरन में मुंकू राम पैकरा, निरंजन यादव, रतन यादव, ललित प्रधान, मंगल यादव, रामसाय, चीतर, प्रशांत, सुरेश पैकरा, करमू राम के साथ भाजपा कार्यकर्ता एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

घर में लगी आग तो सब कुछ जल गया

# शॉर्ट सर्किट की वजह से भड़की थी आग, 2 लाख रुपए का माल जलकर राख



**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले में एक किसान के घर में आग लग गई। आग लगने से उसके घर के अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है। कुल मिलाकर करीब 2 लाख रुपए का सामान जल गया है। जिसके बाद से ही किसान काफी परेशान है। उसने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है।

पामगढ़ के डूड़गा गांव में बसंत कुमार पटेल अपने परिवार के साथ एक सीट और खपड़े वाले मकान में रहते थे। वह रोज की तरह खाना खाकर रविवार रात को भी टहल रहे थे। इसी दौरान घर से अचानक धुआं निकलने लगा। उस वक्त घर के दूसरे सदस्य भी बाहर थे। धुआं उठता देख लोगों ने बसंत को इस बात की सूचना दी। खबर लगते ही वह मौके पर पहुंचा। मगर तब तक काफी देर हो गई थी। इसके बाद दमकल की गाड़ी को मौके पर बुलाया गया। पुलिस को भी इस बात की सूचना दी गई थी। लेकिन दमकल की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची।

ग्रामीण एकजुट रहे तो उनकी जमीन कोई नहीं ले सकता

# जंगलों का विनाश करके कोयला खनन उचित नहीं-सिंहदेव

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य में राजस्थान को कोल ब्लॉक की मंजूरी का भारी विरोध हो रहा है। सर्व आदिवासी समाज और ग्रामीणों का विरोध लगातार जारी है। सोमवार को छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव परसा कोल माइंस क्षेत्र के गांवों में पहुंचे। सरगुजा के हरिहरपुर गांव में आंदोलनरत ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि व्यक्तिगत रूप से मेरा मानना है कि घने जंगलों का विनाश करके कोयला खनन नहीं होना चाहिए। कोयला ऐसी जगहों से भी निकाला जा सकता है, जहां जंगल नहीं हैं। अगर ग्रामीण एक राय रहे तो उनकी जमीन कोई नहीं ले सकता। एकता ही सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि राहुल गांधी से मुलाकात कर प्रभावित ग्रामीणों का दर्द उन्हें बताएंगे। टीएस



सिंहदेव परसा कोल ब्लॉक के घाटबर्रा-हरिहरपुर जंगल पहुंचे। पेड़ों की कटाई के विरोध में जंगल में बैठे ग्रामीणों से मुलाकात की और उनसे चर्चा कर उनकी राय भी जानी। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि पहले सभी बढ़िया से राय सलाह करो। एक स्पष्ट राय बनाकर अपना पक्ष रखें। मैं आपके साथ हूं। यदि ग्रामवासियों का निर्णय विरोध में हैं तो किसी भी हालत में जंगल की कटाई नहीं करने देंगे। सिंहदेव ने कहा कि मैं इस मामले में मुख्यमंत्री से भी मिला था। ग्राम सभा की तिथि बढ़ाने का आग्रह किया हूं। बहुत जल्द निर्णय लेंगे। आप सभी अपनी राय से ग्रामसभा में निर्णय करें। अभी घाटबर्रा में ग्राम सभा होना है। मेरी राय से नहीं, किसी और के राय से नहीं बल्कि आप निर्णय लें। कोई कहता है कुछ, कोई कहता है कुछ और अगर राय अलग-अलग हुए तो दिक्कत होगी।

## किसी के बहकावे में न आएं, एकता ही सबसे बड़ी ताकत

*मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि एक राय अगर हम नहीं रहे तो हमें दबाने वाले, दूसर धड़ा में ले जाने वाले बहुत बड़े-बड़े ताकतवर आदमी है। हमारे पास कोई ताकत है तो वह है एकता। अगर हम लोग एक नहीं रह पाए तो हम कुछ भी करें हमारी बातें लागू नहीं हो पाएंगी। हमारी बात नहीं चलेंगी। सिंहदेव ने कहा कि विरोध यदि सही है तो सब आपके साथ हैं। विरोध का तरीका गलत भी नहीं होना चाहिए। छत्तीसगढ़ सरकार ने हर मामलों में वहीं किया है, जिस पर जनता ने समर्थन दिया है। हसदेव मामले का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। विरोध करने वाले किसी के बहकावे में नहीं आए। मंत्री टीएस सिंहदेव कोयला खदान भी गए और पूरी जानकारी ली। कोल एक्सटेंशन क्षेत्र में कटे जंगलों को भी देखा।*

# संस्कार स्कूल परिवार ने की जलसेवा, शहर के हर कोने पर लगाया स्टॉल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षकों के साथ प्राचार्य और डायरेक्टर ने मिलकर शहर में जलसेवा की। संस्थान के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए संस्कार पब्लिक स्कूल परिवार द्वारा निर्णय लेकर शहरवासियों को राहत दिलाने के लिए शर्बत ओर आम पानी पिला कर सेवा की गई। इसके लिए शहर के चारों कोनों में स्टॉल लगाए गए। जिसमें रेलवे स्टेशन के पास, बस स्टैंड के पास, चक्रधरनगर, शहीद चौक, घड़ी चौंक, जुट मिल चौंक पर स्टॉल लगा, गए जिसमें शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सहित स्टॉफ शामिल हुआ। प्राचार्य रश्मि शर्मा के निर्देशन में किए गए इस कार्य को शहर वासियों ने सराहा। मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि बच्चों में सेवा भाव को बढ़ाने को लेकर यह कार्य उनको भी सिखाने का प्रयास हुआ।

## मादक पदार्थ गांजा सहित 2 गिरफ्तार

नशे के अवैध कारोबार पर सूरजपुर पुलिस की निरंतर कार्यवाही जारी

**सूरजपुर** । पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश के बाद अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध लगातार पुलिस के द्वारा ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना भटगांव की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम सोनगरा में घेराबंदी कर मोटर सायकल सहित रामसेवक सूर्यवंशी पिता सोनसाय उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम गोंदा, थाना प्रतापपुर, एवं समुद्री पाटले पति विरप्पन उम्र 42 वर्ष निवासी डुमरिया, थाना भटगांव को पकड़ा जिसके कब्जे से 1 किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत करीब 26 हजार रूपये का जप्त किया गया। मामले में गांजा व परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# रामनाम यज्ञ में पहुंचे भाजपा नेता विकास केडिया

बोदाझारिया में वर्षों से होता आ रहा है रामनाम यज्ञ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

पुसौर के ग्राम बोदाझारिया में आयोजित रामनाम यज्ञ में भाजपा नेता विकास केडिया पहुंचे कर रामनाम यज्ञ में पूजा अर्चना किया और क्षेत्र वासियों के लिए सुख समृद्धि कि कामना की, उन्होंने ने बताया कि बोदाझारिया में कई वर्षों से रामनाम यज्ञ का आयोजन किया जाता है, जिससे पुरे क्षेत्रवासी शामिल होते हैं और भजन किर्तन कर प्रसाद के रुप में भोजन ग्रहण कर अपने घर व गांवों में चले जाते हैं रामनाम यज्ञ होने से पुरे क्षेत्र में एक भक्तिभम वातावरण बनता है। इसके बाद भाजपा नेता विकास केडिया बोदाझारिया में भाजपा कार्यकर्ता बोधराम प्रधान के निवास पहुंचे तथा वहा अन्य भाजपा




कार्यकर्ताओं से मिल उनका हाल चाल जाना और आप पास के क्षेत्रों के विषय पर चर्चा हुआ। साथ ही आज प्रमुख रुप से वरिष्ठ भाजपा नेता जगन्नाथ प्रधान, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष घनश्याम पटेल, भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री एवं जनपद सदस्य गौरांग साव, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष ईश्वर गुप्ता, भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला मंत्री मनोरंजन साव, भाजपा अजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शशिभूषण चौहान, भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी अंकित मिश्रा, सौरभ अग्रवाल, दिलेश्वर जायसवाल, भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष रुपेश पंडा, सरपंच प्रतिनिधि फ कीर प्रधान, मनोज गुप्ता, दीपक सिदार, भुनेश्वर साव सहित सैकड़ों ग्रामवासी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in